

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 6 फरवरी 2025 ■ माघ शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-307 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## अवैध रूप से विदेश में रहने वाले नागरिकों को वापस लेना सभी देशों का दायित्व : जयशंकर


**नई दिल्ली,6 फरवरी।** विरोध के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में भारतीयों के निर्वासन मुद्दे पर अपना जवाब दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रहते हुए पाए जाते हैं तो उन्हें वापस बुला लें। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा निर्वासन का आयोजन और कार्यान्वयन आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। ICE द्वारा उपयोग किए जाने वाले विमान द्वारा निर्वासन का SOP जो 2012 से प्रभावी है, संयम के उपयोग का प्रावधान करता है। हमें आईसीई द्वारा सूचित किया गया है कि महिलाओं और बच्चों को रोका नहीं जा सकता है। एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिकी सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए



बातचीत कर रहे हैं कि लौटने वाले निर्वासित लोगों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न हो। विपक्षी दलों के कई सांसदों ने अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस भेजने के तरीके को लेकर बृहस्पतिवार को सरकार की आलोचना की तथा प्रवासियों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर सवाल उठाए। बुधवार को एक अमेरिकी सैन्य विमान 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप सरकार द्वारा निर्वासित भारतीयों का यह पहला जत्था है। निर्वासित लोगों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ-पैरों में हथकड़ी लगी रही और अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरने के बाद ही उन्हें खोला गया। विदेश मंत्री ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी सरकार से संपर्क कर रहे हैं कि निर्वासित लोगों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न हो। साथ ही, सदन इस बात की सराहना करेगा कि हमारा ध्यान अवैध आप्रवासन उद्योग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर होना चाहिए। निर्वासित लोगों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, कानून प्रवर्तन एजेंसियां एजेंटों और ऐसी एजेंसियों के खिलाफ आवश्यक, निवारक और अनुकरणीय कार्रवाई करेंगी।

## हिंदू समाज विश्व गुरु बनेगा: मोहन भागवत

**त्रिवेन्द्रम,6 फरवरी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने दो दिवसीय केरल दौरे पर पथानामथिट्टा हिंदू धर्म सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बात में कोई दो राय नहीं है कि हिंदू समाज विश्व का गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को अपना जीवन चलने के लिए हिंदू एकता की आवश्यकता है, उसमें से शक्ति उत्पन्न होगी, यह बताने के लिए और कोई तर्क देने की आवश्यकता नहीं है। विश्व में एक नियम है ,जो समाज संगठित है उस समाज का उत्कर्ष होता है, जो समाज विभक्त है, संगठित नहीं है, उस समाज का पतन होता है, इतिहास और वर्तमान दोनों इसके साक्षी है। मोहन भागवत ने कहा कि शक्तिमान होने से बाकी विश्व को भी खतरा भी हो सकता है, क्योंकि शक्ति तो शक्ति है ,उसको दिशा देने वाला मनुष्य होता है, उस शक्ति का उपयोग करने वाला होता है ,उसकी बुद्धि कैसी है, उस पर निर्भर है, दुष्ट लोग विद्या का उपयोग विवाद बढ़ने के लिए करते हैं, हम अपने चारों ओर देखते हैं तो ध्यान में आता है धन का उपयोग अपना मत बढ़ाने के लिए करते हैं, शक्ति का उपयोग दूसरों को पीड़ा देने के लिए करते हैं,



लेकिन साधु लोगों का इससे उल्टा होता है, अच्छे लोग विद्या का उपयोग ज्ञान बढ़ाने के लिए करते हैं, धन का उपयोग दान करने के लिए करते हैं, शक्ति का उपयोग दूर्बल की रक्षा के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू एकता विश्व के लिए उपकारी होगी,यह कैसे होगा, इसमें कोई शंका करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हिंदू एक स्वभाव का नाम है, हिंदू में एक अनेक मत, पंथ, संप्रदाय है अनेक भाषाएं हो गई, विशाल देश अपना है जिसमें हिंदू रहता है। उन्होंने आगे कहा, भूगोल अलग-अलग है, वातावरण अलग-अलग है, खान पान ,रहने की जगह भी अलग-अलग प्रकार की है, रेगिस्तान में रहने वाले लोग हैं, पर्वत की चोटी पर रहने वाले लोग हैं, समुद्र के किनारे रहने वाले लोग हैं, मैदान में रहने वाले लोग हैं, शहरों में रहने वाले लोग हैं, जंगलों में रहने वाले हैं, गांव में रहने वाले हैं सब प्रकार है, परंतु यह होने के बाद भी सबका एक स्वभाव है, उस स्वभाव का नाम हिंदू है, यदि स्वभाव का वर्णन करना है तो हम कह सकते हैं, हिंदू समाज धर्म प्राण है, इसलिए शक्ति का उपयोग विश्व कल्याण के लिये ही होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के सारे कलह दो बातों के कारण है, एक है स्वार्थ, दूसरा है भेद, मनुष्य एक दूसरे को एकता की भाव से, समदृष्टि से देखा नहीं है, वह दिखता अलग है, इसलिए जो अपने से अलग दिखता है

## संक्षेप

### बिना अनुमति विदेश गयी शिक्षिका के खिलाफ जाँच शुरु

**रायपुर,6 फरवरी।** जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर ने शासकीय स्कूल की शिक्षिका संध्या धुरंधर के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया है। 20 अगस्त 2024 से 18 अक्टूबर 2024 तक संध्या धुरंधर बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कनाड़ा विदेश यात्रा पर गईं, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

### अमेरिका से भारतीयों को वापस भेजने पर बिफरे दीपक बैज

**रायपुर,6 फरवरी।** अमेरिका ने अवैध तरीके से रह रहे 104 भारतीयों को वापस भारत भेज दिया है. अमेरिका को इस कदम को छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने देश के लिए शर्मनाक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगने को कहा है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति प्रवासी भारतीयों को अमेरिका से बाहर भेज रहे हैं. विश्वगुरु कहने वाले पीएम कहां गए हैं. इतनी शर्मनाक घटना, इतना अपमान भारत क्यों सह रहा है. इस घटना के लिए देश से उन्हें माफी मांगनी चाहिए. बता दें कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद अवैध तरीके से रह रहे बाहरी लोगों को डिपोर्ट करने के आदेश दिए थे. इस कड़ी में 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार (5 फरवरी) को अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा. भारत लाए गए 104 अप्रवासियों में सबसे ज्यादा हरियाणा और गुजरात के 33-33 लोग शामिल है. इसके अलावा पंजाब के 30, महाराष्ट्र के 3, उत्तर प्रदेश-चंडीगढ़ के 2 लोग शामिल हैं. इनमें 8-10 साल के बच्चों के साथ कुछ परिवार भी शामिल हैं.

### हसदेव नदी में डूबे तीन छात्रों में से एक का शव बरामद

**कोरबा,6 फरवरी।** जिले के दर्री स्थित हसदेव नदी में डूबे 3 कॉलेज छात्रों में से एक का शव बरामद कर लिया गया है. 27 वर्षीय सागर चौधरी का शव जलकुंभी के नीचे फंसा मिला, जिसे एसडीआरएफ और नगर सेना के रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला. दो छात्रों की तलाश अब भी जारी है. बता दें कि कोरबा जिले से 3 कॉलेज छात्र सोमवार सुबह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे. इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी. लगातार खोजबीन जारी था. इस बीच हसदेव नदी के बिंझरा घाट के पास छात्रो की बाइक और कपड़े बरामद किए गए थे. इसके बाद से हसदेव नदी में तीनों के डूबने की आशंका जताई गई, जहां पुलिस, एसडीआरएफ और नगर सेना के रेस्क्यू टीम तलाश में जुटी थी. टीम ने एक छात्र का शव बरामद कर लिया है. दो छात्रों की तलाश अब भी जारी है. बता दें कि लापता छात्रों की पहचान 18 वर्षीय आशुतोष सोनिकर (आईटीआई छात्र), 19 वर्षीय बजरंग प्रसाद (सीएसईबी कॉलोनी निवासी) और 26 वर्षीय सागर चौधरी (सीएसईबी कॉलोनी निवासी) के रूप में हुई है.

## आचार्य विद्यासागर का क्षण-क्षण राष्ट्र को समर्पित: अमित शाह

**राजनांदगांव,6 फरवरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी के जीवन का क्षण-क्षण और शरीर का कण-कण राष्ट्र को समर्पित रहा। तप और साधना से उन्होंने भारत को विश्व में पहचान दिलाई। शाह ने आगे कहा कि महाराज जी केवल संत नहीं थे। वे विद्वान पुरुष थे, जिन्होंने नए विचार को जन्म दिया। शाह आगे बोले, देश की पहचान इंडिया से नहीं बल्कि भारत से होनी चाहिए। जी-20 की मेजबानी के दौरान दूसरे देशों के राष्ट्र अध्यक्षों को निमंत्रण PMO भारत के नाम से गया। केंद्रीय गृहमंत्री ने ये बातें डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी में आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित विनयांजलि सभा में कही। उनके साथ सीएम साय भी मौजूद रहे। शाह ने आचार्य विद्यासागर की तस्वीर वाला 100 रुपए का सिक्का और 5 रुपए का डाक टिकट भी जारी किया। 18 फरवरी 2024 को आचार्य विद्यासागर महाराज ने डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी तीर्थ में समाधि ली थी। डोंगरगढ़ में प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी का मंदिर है,



प्रज्ञागिरि और चंद्रगिरि जैसे धार्मिक स्थल और विद्यासागर महाराज जी की समाधि के बाद यह क्षेत्र अब महातीर्थ बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत समेत कई बड़े नेता यहां विद्यासागर महाराज से मुलाकात कर चुके हैं।

## चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त फिसला पैर आरपीएफ जवान ने बचाई यात्री की जान

**डोंगरगढ़,6 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जवान की बहादुरी से एक बड़ा हादसा होने से बच गया. एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में संतुलन खोकर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गिरने ही वाला था, लेकिन प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के प्रधान आरक्षक प्रशांत दलाई ने अपनी सतर्कता और साहसिक प्रयास से यात्री की जान बचा ली. पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई है. आरपीएफ जवान की बहादुरी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा. घटना डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर बुधवार सुबह 11.40 बजे हुई. पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12843) अपने निर्धारित समय पर रवाना हो रही थी, तभी एक 52 वर्षीय पुरुष यात्री, जिसने अपने परिवार को पहले ही सामान्य कोच में बैठा कर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म पर घिसटता हुआ ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच की जगह में गिरने ही वाला था. इस भयावह स्थिति को देखकर प्लेटफॉर्म पर तैनात आरपीएफ जवान प्रशांत दलाई ने तुरंत दौड़कर यात्री को पकड़ा



और पूरी ताकत से उसे सुरक्षित बाहर खींच लिया. जवान की इस सूझबूझ और फुर्ती से यात्री की जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया. पूरी घटना रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा गया है. रेलवे प्रशासन और सुरक्षा बल के अधिकारियों ने प्रधान आरक्षक प्रशांत दलाई की बहादुरी की सराहना की है. रेलवे प्रशासन ने इस घटना के बाद यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और कभी भी चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें. रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है, लेकिन यात्रियों को भी सतर्कता बरतनी चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके.

## 400 करोड़ के घोटाले में लिप्त मोक्षित कॉर्पोरेशन को किया ब्लैकलिस्ट

**रायपुर,6 फरवरी।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) में 400 करोड़ के घोटाले के मामले में मोक्षित कार्पोरेशन पर साय सरकार ने एक्शन लिया।साय सरकार ने मोक्षित कारपोरेशन को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) की जांच के बाद सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ राज्य चिकित्सा आपूर्ति निगम) ने कंपनी को अगले तीन साल के लिए अपात्र घोषित कर दिया है। अब मोक्षित कार्पोरेशन से किसी भी दवा या मेडिकल उपकरण की खरीद नहीं की जा सकेगी। बता दें कि यह घोटाला प्रदेश में हुए लगभग चार सौ करोड़ रुपये के दवा खरीद घोटाले से जुड़ा हुआ है, जिसमें दुर्ग स्थित मोक्षित कार्पोरेशन की संलिप्तता सामने आई है। इस मामले में कंपनी के निदेशक शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है, और फिलहाल ईओडब्ल्यू जांच एजेंसी उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सीजीएमएससी ने मोक्षित कार्पोरेशन को ब्लैकलिस्ट करने के अलावा, इस घोटाले में शामिल अधिकारियों पर भी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सीजीएमएससी की एमडी पदमिनी भोई, और दो आईएएस अधिकारी - भीम सिंह और चंद्रकांत वर्मा - भी जांच के घेरे में हैं। इन तीनों अधिकारियों को ईओडब्ल्यू-एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य विभाग के कुछ और अधिकारियों से भी जल्द पूछताछ की जा सकती।

## डीएड कर चुके बीएड डिग्रीधारी भी काउंसिलिंग में होंगे शामिल, हाईकोर्ट का आदेश

**बिलासपुर,6 फरवरी।** प्रदेश में शिक्षक भर्ती विवाद के बीच हाईकोर्ट ने फिर एक नया आदेश जारी किया है, जिसके मुताबिक डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए 10 फरवरी से होने वाली काउंसिलिंग में बीएड डिग्रीधारी उन अभ्यर्थियों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने अपनी डीएड डिप्लोमा का उल्लेख नहीं किया है. वहीं हाईकोर्ट ने मामले में राज्य शासन से 4 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पर डीएड अभ्यर्थियों की भर्ती करने के लिए पूर्व में शासन ने 2855 अभ्यर्थियों की लिस्ट हाईकोर्ट में पेश की थी. हाईकोर्ट ने शासन को आदेश का पालन करने के लिए 15 दिन का समय दिया था. इसके बाद राज्य शासन ने बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की सेवा समाप्ति करने का आदेश जारी करने के साथ ही 10 फरवरी से डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए काउसिंलिंग करने का आदेश दिया है. इधर, स्वाति देवांगन समेत कई बीएड डिग्रीधारी उम्मीदवारों ने हाईकोर्ट में नए सिरे से याचिका लगाई है, जिसमें कहा है कि याचिकाकर्ता भी शिक्षा विभाग की उस काउंसिलिंग में शामिल होना चाहते हैं, जिसमें




डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया होगी. याचिकाकर्ताओं ने बीएड से पहले डीएड डिप्लोमा भी किया है, लेकिन पहले अपने आवेदन में इसका उल्लेख नहीं कर पाए थे. इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एके प्रसाद ने कहा कि केस में मेरिट्स पर कोई निर्देश नहीं दिया जाएगा, लेकिन काउंसिलिंग में याचिकाकर्ता डीएड अभ्यर्थियों को भी शामिल करने की अनुमति दी जा सकती है. कोर्ट के आदेश के बाद अब बीएड डिग्रीधारी ऐसे अभ्यर्थी भी 10 फरवरी से होने वाली काउंसिलिंग में शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने डीएड किया है.

## 10 साल आप ने किया धोखा, इस बार दिल्ली में बनेगी भाजपा की सरकार: साय

**रायपुर,6 फरवरी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है. मतदान के बाद एक्जिट पोल के रुझान सामने आने लगे. जिसमें सत्ता परिवर्तन के संकेत देखने को मिल रहे हैं. इस बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया है. उन्होंने निश्चित ही दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने की बात कही है. दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दिल्ली के चुनाव के एग्जिट पोल को देखते हुए देश की जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ है. उन्होंने कहा कि इस बार निश्चित रूप से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी, क्योंकि 10 वर्षों तक आम आदमी पार्टी की सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है. सीएम साय ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आज छत्तीसगढ़ दौरा है. डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी पर्वत पर विद्यासागर महाराज ने राष्ट्रीय संत समाधि ली हैं. वहां उनका परिसर बनेगा, जिसमें जीवनी से लेकर अंत तक की बातों को दर्शाया जाएगा. जिससे देश-विदेश से लोग अवगत होंगे और उनके उद्देश्यों से समाज को रास्ता मिलेगा. इसका लाभ पूरे राष्ट्र को होगा.

## बलात्कार के मामले में दोषी को 27 साल बाद मिली राहत

**नई दिल्ली,6 फरवरी।** 27 साल पहले रेप के मामले में दोषी करार दिए गए एक व्यक्ति की सजा को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है. आरोपी ने बाद में पीड़िता से शादी की करीब 21 साल से 4 बच्चों का पिता है. कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस मामले की विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए सजा को जारी रखना बहुत अन्याय होगा. इस मामले में आरोपी ने बाद में प्रोसेक्यूट्रिक्स से विवाह कर लिया है और उनके चार बच्चे हैं. हम पाते हैं कि इस मामले की विशेष परिस्थितियां हमें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करती हैं,÷ जस्टिस बीवी नागरथना और जस्टिस सत्येश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा. आपको बता दें कि अनुच्छेद 142 कोर्ट को पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए आदेश देने का अधिकार देता है. कोर्ट ने कहा कि इस कपल के दो दशक पुराने विवाह और उनके संबंधों की



वास्तविक स्थिति को देखते हुए यह निर्णय उचित था. आपको बता दें कि 1997 में व्यक्ति को अपहरण और बलात्कार के आरोप में दोषी ठहराया गया था, जबकि महिला उस समय नाबालिग थी. 2003 में दोनों ने शादी की और परिवार बनाया. 1999 में निचली अदालत ने व्यक्ति को 7 साल की सजा सुनाई, लेकिन 2019 में उच्च न्यायालय ने इसकी पुष्टि की, लेकिन सजा को रद्द कर दिया गया. व्यक्ति को अंततः 2021 में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली. यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचने पर व्यक्ति के वकील ने यह तर्क दिया कि सजा को बरकरार रखना न केवल कानूनी रूप से कठोर होगा, बल्कि यह उनके परिवार के जीवन में विघ्न डालेगा. राज्य सरकार ने इस अपील का विरोध किया और कहा कि महिला नाबालिग है. कोर्ट ने कहा कि इस मामले की विशिष्ट परिस्थितियां एक अपवादात्मक समाधान की मांग करती हैं. 30 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा, ÷हम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए सजा और दोषसिद्धि को रद्द करते हैं,÷ बताते हुए कि आरोपी की सजा और दोषसिद्धि को रद्द कर दिया गया, जिससे व्यक्ति का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहेगा.



## नये डीजीपी को कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने सीएम के निर्देश

**रायपुर,6 फरवरी।** नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की. इस दौरान मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त डीजीपी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अरुण देव गौतम से मुलाकात के दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा और पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने जरूरी दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने आधुनिक तकनीकों के समुचित उपयोग, जनसहभागिता और अनुशासित पुलिसिंग के माध्यम से प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने पर बल दिया. वहीं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात के दौरान मौजूद पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा से कहा कि आपने बहुत मेहनत करके काम किया है.

## भारत को बांग्लादेश की गीदड़ भभकी

**ढाका,6 फरवरी।** बांग्लादेश ने एक बार फिर भारत को गीदड़ धमकी दी है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर मोहम्मद यूनुस सरकार ने भारत को धमकी दी है। सूचना एवं प्रसारण सलाहकार नाहिद इस्लाम ने कहा कि यदि हसीना को वहां से राजनीतिक गतिविधियां संचालित करने की अनुमति दी गई तो इसके लिए भारत जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा, ''हमने भारत से शेख हसीना को बांग्लादेश वापस भेजने को कहा है, और यह एक कूटनीतिक मुद्दा है, लेकिन अगर शेख हसीना वहां से राजनीति करने की कोशिश करती हैं,



भारत में राजनीतिक बैठकें करती हैं, तो इसके लिए भारत सरकार जिम्मेदार होगी और इसका नतीजा अच्छा नहीं होगा। बता दें कि शेख हसीना (77) पिछले साल 5 अगस्त से भारत में रह रही हैं, जब वह छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बीच बांग्लादेश से भारत चली आईं थी। तब से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना एवं अन्य को भारत से वापस लाने के लिए प्रत्यर्पण संधि के तहत हरसंभव प्रयास कर रही है। गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बुधवार को कहा कहा कि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों एवं सैन्य और असैन्य अधिकारियों के खिलाफ 'मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार' के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। उन्होंने कहा, ''हम उन लोगों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं, जो मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों में आईसीटी में मुकदमे का सामना कर रहे हैं.''उन्होंने यह टिप्पणी 100 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर एक सवाल का जवाब देते हुए की, जिनके खिलाफ आईसीटी ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

## चुनाव आयोग मर गया है सफेद कपड़ा भेंट करना होगा

### उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव के बिगड़े बोल

**नई दिल्ली,6 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसी तरीके से चुनाव लड़ती है। चुनाव आयोग मर गया है। हमें उन्हें सफेद कपड़ा भेंट करना होगा। इससे पहले अखिलेश ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और स्थानीय प्रशासन पर तीखा हमला किया था। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और अयोध्या में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया था। उन्होंने निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की भी मांग की थी। अखिलेश ने दावा किया कि पुलिस-प्रशासन का रवैया अलोकतांत्रिक रहा। दर्जनों बूथों पर समाजवादी पार्टी के बूथ एजेंटों को डराया-धमकाया गया। भाजपा ने मिल्कीपुर में बेईमानी के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। भाजपा के गुंडों ने मिल्कीपुर उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए अराजकता की। पुलिस-प्रशासन का उन्हें खुला संरक्षण मिला। पुलिस-प्रशासन ने भाजपा के गुंडों को खुली छूट देकर



चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन ने मतदाताओं के बीच डर का माहौल बनाकर मतदान को प्रभावित किया गया। भाजपा के समर्थकों ने खुद स्वीकार किया है कि उन्होंने फर्जी मतदान किया है। फर्जी मतदान करते हुए कुछ लोगों को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद खुद पकड़ा है। उन्होंने कहा, 'मिल्कीपुर उपचुनाव में रायपट्टी अमानीगंज में फर्जी वोट डालने की बात अपने मुंह से कहने वाले ने साफ कर दिया कि भाजपा सरकार में अधिकारी किस तरह से धांधली में लिप्त हैं। निर्वाचन आयोग को और क्या सबूत चाहिए।' मिल्कीपुर उपचुनाव समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बना हुआ है। यह सीट राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अयोध्या जिले का हिस्सा है।

## एक नजर

### 8 फरवरी से होगा श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन : कन्हैया अग्रवाल



**कवर्धा, 6 फरवरी।** आयोजनकर्ता कन्हैयालाल अग्रवाल ने बताया की दिनांक 8 से 15 फरवरी तक जी श्याम पैलेस सरोधा रोड कवर्धा में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होगा । यशोदानंदन गोविन्द गोपाल जी के आर्शीवाद से श्री शारदा शक्तिपीठ मैहर से पधारे अनंत श्री समलंकृत आचार्य श्री रामेश्वर नारायण जी महराज की सुमधुर वाणी में युगसंदर्भित श्री कृष्ण कथा का आध्यात्मिक कथा का रसपान कराया जायेगा।कथा व्यास आचार्य श्री रामेश्वर नारायण जी महराज की सुमधुर वाणी से दोपहर 2 बजे से हरिइच्छा तक कथा का रसपान करवाया जायेगा। पहले दिन भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा। प्रतिदिन भंडारा प्रसादी वितरित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक सद्भावना और धार्मिक मूल्यों का प्रचार प्रसार करना है।

### वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी:सुनीता चंद्राकर



**उतई, 6 फरवरी।** नगर पंचायत उतई वार्ड नंबर 15 के शिक्षित एवं ऊर्जावान प्रत्याशी श्रीमती सुनीता गौतम चंद्राकर ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा में बताया कि वह अपने वार्ड के लिए हमेशा विकास के लिए तत्पर रहेगी जिसमें वार्ड 15 के मूलभूत सुविधा सुलभ शौचालय , नाली ,गार्डन ,एवं पानी के उचित व्यवस्था करना जो की वर्तमान में वार्ड 15 में पीने के लिए पानी के साथ-साथ अन्य कई मूलभूत समस्या उत्पन्न है उसे संपूर्ण रूप से सुसज्जित वार्ड बनाना है जिसमें वार्ड वासियों को सभी प्रकार के मूलभूत सुविधा का लाभ मिल सके।

### वार्ड के साथ नगर के लिए समर्पित हैं राकेश साहू



**उतई, 6 फरवरी।** पार्षद प्रत्याशी राकेश साहू कर रहे है अपने वार्ड में मतदाताओं से जनसंपर्क। नगर पंचायत उतई के वार्ड 3 में नहीं है कोई मुकाबला,मगर चुनाव तो चुनाव होता है,पूर्व पार्षद और वर्तमान कांग्रेस से पार्षद प्रत्याशी राकेश साहू है,वे सिर्फ वार्ड के लिए समर्पित नहीं वे पूरे नगर के लिए है,वार्ड में विकास पहली पहचान,देर रात सेवा देने में कोई कमी नहीं,की।

### बीएसपी कर्मचारी तपन कुमार ने की बॉलीवुड में नए गीत की रिकॉर्डिंग



**भिलाई, 6 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र में विगत 34 वर्षों से अपनी सेवा देने वाले श्री तपन कुमार चक्रबर्ती इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग में कार्यरत हैं, जो एक प्रतिष्ठित, अनुभवी कलाकार और पार्श्व गायक हैं। कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ वे संगीत के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं और अपनी आवाज से दर्शकों के दिलों में एक विशेष स्थान बना चुके हैं। चक्रबर्ती ने हाल ही में मुंबई में एक म्यूजिक एल्बम जोगिया में बतौर पार्श्व गायक अपना गीत रिकॉर्ड किया है। इस एल्बम में तपन के साथ बॉलीवुड की गायिका पामेला जैन ने भी अपनी आवाज़ दी है। यह एक कर्णप्रिय गीत है जिसे बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीतकार राजेश शर्मा ने संगीतबद्ध किया है और इसके बोल गीतकार शहाबुद्दीन अलवी ने लिखे हैं। यह गीत अब विभिन्न ऑडियो प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है, और इसका वीडियो फॉर्मेट होली तक रिलीज होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, तपन कुमार चक्रबर्ती ने हाल ही में बॉलीवुड की एक बड़ी फिल्म के लिए सुप्रसिद्ध गायक दिव्य कुमार (स्त्री-2 फेम) के साथ एक युगल गीत रिकॉर्ड किया है। इस गीत को भी राजेश शर्मा ने संगीतबद्ध किया है और इसके बोल गीतकार रंधीर सिंह ने लिखे हैं।

### एएसआई से ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई, 6 फरवरी।** भिलाई बीएसएफ के एएसआई से एटीएम ठगी का शिकार होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने धारा 318 (4), 3 (5) बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि बीएसएफ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक दिनेश पाल सिह की ड्यूटी रेलवे स्टेशन दुर्ग में लगी है 3 फरवरी की सुबह दीपक नगर स्थित एसबीआई एटीएम से 4000 रुपए निकाला इसके बाद दोबारा 10.10 बजे उसी एटीएम में रुपए निकालने पहुंचा तो उसके पीछे दो युवक खड़े थे दिनेश पाल ने दो हजार रुपए निकाले और इस दौरान उनका एटीएम फंस गया काफी निकालने के बाद भी एटीएम नहीं निकला पीछे खडे युवक ने एटीएम मशीन के उपर जो नंबर लिखा है उससे बात कर लो वह गार्ड का नंबर है इसके बाद दिनेश पाल ने उक्त नंबर पर कॉल किया तो सामने वाले कहा कि आप पहले इंटर बटन दबा कर अपना पिन नंबर डालो जिससे आपका कार्ड निकालने का आप्शन आयेगा।

# भावना बोहरा ने पांडातराई के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 6 फरवरी।** 11 फरवरी को प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं सभी प्रत्याशी और पार्टी अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार कर जनता से मतदान करने की अपील कर रहें हैं। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा भी लगातार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायतों एवं नगर पालिका क्षेत्रों में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से मतदान करने की अपील कर रही हैं।बुधवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6,7 एवं 8 में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी सरिता रामकुमार सोनी एवं वार्ड प्रत्याशियों के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के अटल संकल्प में किये वादों की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस के 5 वर्ष के कुशासन और भ्रष्ट सरकार के राज में पंडरिया नगर विकास से कोसो दूर हो गया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही केवल एक वर्ष में पांडातराई नगर को 12 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्यों को स्वीकृति मिली और आज यह कार्य डबल इंजन की रफ़्तार से प्रगति पर हैं। पांडातराई नगर में यातायात सुविधाओं को दुरुस्त करने से लेकर भारी वाहनों के रूट को डायवर्ट करने के लिए बाईपास निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग भी भाजपा सरकार में पूरी हो रही है। हाल ही में भाजपा ने हमारे शहरों और नगर पंचायतों के विकास के लिए अटल संकल्प पत्र जारी किया है। इस संकल्प पत्र में में हमारे स्ट्रीट वेंडर्स और ठेला एवं गुमटी लगाकर अपनी आजीविका चलाने वाले व्यापारियों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत उन्हें 30,000 रुपए की वित्तीय सहायता देने का हमने संकल्प किया है।पंडरिया, पांडातराई और इंदौरी नगर में बनेगा नालंदा परिसर की तर्ज पर होगा लाइब्रेरी का निर्माण, महतारी वंदन योजना के स्वसहायता समूह की बहनों को मिलेगा 2.50 लाख तक का लोन, महिलाओं के लिए साफ़, सुरक्षित एवं सुविधाजनक शौचालय हेतु पिंक टॉयलेट का निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 3 लाख अतिरिक्त पीएम आवास निर्माण जैसे कई जनहित और विकास कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया है जिसे हम माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी और डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में अपने क्षेत्रों के तिगुनी विकास के लिए जरुर पूरा करेंगे।भावना बोहरा ने आगे कहा कि पांडातराई नगर में केवल एक वर्ष में हुए विकास कार्य आज जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहें हैं जिससे जनता को सुविधा मिल रही है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आज पांडा तराई नगर अंतर्गत 2021 विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए की आर्थिक सहयता, 1586 परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ, 2696 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक निःशुल्क उपचार, 650 से अधिक किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस एवं लगभग 1000 किसानों से 3100/ क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई, भूमिहीन किसानों को प्रतिवर्ष 10000 रुपए की आर्थिक सहयता एवं युवाओं के लिए सरकारी नौकरी एवं पीएससी घोटाले की जांच से उनके उज्ज्वल भविष्य की राह आसान हुई है। ऐसी कई योजनाएं एवं जनहित के कार्य हैं जिनसे हमारे प्रदेश के किसान, युवा, महिला, बुजुर्ग और सर्व समाज के हितों के लिए कार्य किये गए हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि पांडातराई की जनता 11 फ़रवरी को होने वाले मतदान में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर क्षेत्र की प्रगति व उन्नति के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी।



## भूखन साहू ने नामांकन फार्म लिया वापस, ईश्वरी साहू को दिया समर्थन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 फरवरी।** जिला पंचायत 14 में बीजेपी अधिकृत प्रत्याशी ईश्वरी साहू के समर्थन में भूखन लाल साहू ने समर्थन वापस लिया । भूखन लाल साहू ने नामांकन फार्म वापस लेकर ईश्वर साहू को समर्थन दिया। बीजेपी से अधिकृत प्रत्याशी ईश्वरी साहू को समर्थन देते हुए कहा की ईश्वरी साहू भैया को जिताना पहला लक्ष्य है । भूखन साहू ने कहा की बीजेपी का निष्ठावान कार्यकर्ता हु और बीजेपी की विचारधारा मेरे दिल में बसती है । खास बात देखा गया की भूखन लाल साहू कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और ईश्वर साहू को समर्थन दिया । बीजेपी से जिला पंचायत प्रत्याशी ने प्राथमिकता के सवाल पर कहा की जिला पंचायत 14 में सर्वांगीण विकास करना मुख्य उद्देश्य है । सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम के मार्गदर्शन मे सभी गांवों में विकास पहुंची है और पूरा विश्वास है की जनता के प्यार और आशीर्वाद से मेरी जीत होगी । जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के दिशा निर्देश और रिटर्निंग ऑफिसर अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में निर्वाचन टीम अच्छे से वर्क कर रही है जिसकी तारीफ हो रही है ।

## सीसी शासकीय कॉलेज में अपना-अपना बसंत महाप्राण निराला के संग विषय पर काव्यपाठ किया कवियों ने

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**साजा,6 फरवरी।** चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा में दिनांक 05/02/2025 को हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालय के सभागार कक्ष में बसंत पंचमी के अवसर पर अपना अपना बसंत -महाप्राण निराला के संग विषय पर आधारित स्वरचित काव्यपाठ का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा निराला रचित वर दे वीणा वादिनी वर दे की स्तुति के साथ किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ के साथ किया गया । यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल की अध्यक्षता एवं संरक्षण में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ.अशोक कुमार तिवारी ने बसंत पंचमी और निराला के अंतःसंबंध तथा निराला की साहित्यक रचनाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की, तत्पश्चात डॉ. अर्चना बौद्ध द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत से सभागार बसंतमय हो उठा । इस कार्यक्रम का मुख्य विषय बसंत आधारित स्वरचित कविता एवं काव्यपाठ के अंतर्गत सभी संकाय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर अपनी कविताएं प्रस्तुत की और अपनी लेखन कला का परिचय दिया। साथ ही साथ बंसन्त आधारित गीतों की प्रस्तुति भी दी गयी । अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने हमेशा की तरह विधार्थियो को आत्मविश्वास के साथ कार्य करने तथा अपने कौशल कला को पहचानते हुए कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया । इस कार्यक्रम में विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों द्वारा स्वरचित कविताओ की प्रस्तुति दी गयी जिसमे रेखलाल , विशाल , लिलेश्वरी , गौरी , जानकी ,हेमा आदि प्रतिभागी रहे । कार्यक्रम का सह संचालन डॉ.हर्ष कुमार वर्मा एवं भूमिका यादव द्वारा किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य के आलावा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जी. डी. एस. बग्गा, डॉ. दिव्या नेमा, डॉ. सुनील कुमार मेश्राम, डॉ. अनिल देवांगन (पेंड्रावन ) एवं सभी प्राध्यपकगण तथा अतिथि व्याख्याता और सभी संकाय से विद्यार्थियों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार प्रदर्शन और धन्यवाद ज्ञापन तरुण पदमवार ( सहा. प्रा. समाजशात्र ) द्वारा किया गया साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया । कार्यक्रम का सफल समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी



**दुर्ग, 6 फरवरी।** मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर दो लोगों से पांच लाख 95 हजार रुपये की ठगी करने वाले फरार दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपित अनिता सिंह व नरेंद्र सिंह प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से फरार हो गए थे पुलिस लगातार इनकी तलाश कर रही थी पतासाजी के दौरान नेवई पुलिस को पता चला कि फरार आरोपित ब्लाक नंबर 08 बीएसयूपी कालोनी भाठागांव रायपुर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर में देखे गए हैं सूचना पर पुलिस टीम फौरन मौके पर पहुंची आरोपितों को हिरासत में लिया ।

## रिसाली के 31 वार्डों में 150 कर्मचारियों के कचरा संग्रहण पर है नजर



**रिसाली , 6 फरवरी।** रिसाली निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने आयुक्त मोनिका वर्मा समेत अधिकारी-कर्मचारी मैदान में है। 31 वार्डों में 150 से ज्यादा कर्मचारी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य पर नजर रखे हुए है। इसका मुख्य उद्देश्य घरों से निकलने वाले कचरे का पूर्ण रूप से निष्पादन करना है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने मॉर्निंग विजिट के तहत एक के बाद एक वार्ड का भ्रमण कर रही है। इस दौरान न केवल नागरिकों को सहयोग करने की अपील कर रही है, बल्कि अपने मातहत कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों से वार्ड वार गीला सूखा कचरा अलग-अलग होने या फिर नहीं होने का फीडबैक भी ले रही है। आयुक्त बुधवार को मैत्रीनगर, शक्ति विहार, इस्पात नगर, आशीष नगर एवं आजाद मार्केट वार्ड के कचरा संग्रहण कार्य की समीक्षा की। आयुक्त के निर्देश पर 67 कर्मचारी अलग-अलग वार्डो में घर-घर दस्तक दे रहे है। वही कर्मचारियों पर नजर रखने 31 नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग के सफाई दरोगा कचरा संग्रहण कार्य करने वाले सफाई मित्र की मॉनिटरिंग कर रहे है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि नदारद कर्मचारियों का वेतन कटौती करे।

## बसंत ऋतु पर आयुक्त ने उद्यान में किया पौधारोपण



**भिलाई, 6 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के राशि उद्यान में बसंत ऋतु गुप्त नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर पौधारोपण किया गया। पौधा रोपण का उद्देश्य है कि प्रकृति को हरा-भरा एवं सुन्दर बनाना। लोगों को प्रकृति के साथ जोड़ना। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी द्वारा स्थानीय नागरिको की उपस्थिति में पौधा रोपण किया गया। आयुक्त पाण्डेय ने कहा आज के दिन वृक्षारोपण का विशेष महत्व है। प्रकृति से हमे सब कुछ मिलता है, हमे बस इतना ध्यान देना है, जो पौधा लगा रहे है, उसको बराबर पानी मिले। इससे बहुत संतुष्टि मिलती है, नगर निगम भिलाई द्वारा लगाए हुए वृक्षों को सहेजने, पानी देने, साफ-सुथरा करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी नागरिकों से अपील की जाती है, कि जो भी वृक्ष उनके घर के सामने लगे है। उसका स्वयं देखरेख करें, पानी देवें। चाहे वो स्वयं करें और अपने नाम की पट्टिका भी लगवा सकते है। हर परिवार पांच पेड़ की जिम्मेदारी अगर ले लेगा, तो नगर हरा-भरा एवं सुन्दर हो जाएगा। जो भी नागरिक पेड़ लगाना चाहते है, नगर निगम के उद्यान विभाग में आकर अपने नाम से अपने जन्मदिन के अवसर पर, शादी सालगिरह के अवसर पर, अपने बच्चो के जन्म दिन पर वृक्षारोपण कर सकते है। निगम उन्हे जगह उपलब्ध करा देगा, जिससे उनका उस पेड़ के प्रति अपनापन बना रहें। मनुष्य खुशहाल तभी रह सकता है, जब प्रकृति के साथ जुड़कर उससे प्रेम करेगा। वृक्षारोपण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता वीनिता वर्मा, अभियंता बसंत साहू, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, भारत विकास परिषद के सचिव जितेन्द्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता तुलसी भमभवानी आदि उपस्थित रहे।

## वेटलैंड प्रकृति का बहुत ही महत्वपूर्ण अंगः पुनीत चौबे



**भिलाई, 6 फरवरी।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई लोकल सेंटर एवं पर्यावरण प्रबंधन विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व वेटलैंड दिवस (विश्व आद्रभूमि दिवस) के अवसर पर रविवार को इंजिनियर्स भवन सिविक सेंटर में संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित विषय हमारे साझे भविष्य के लिए आद्रभूमि की रक्षा करना पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विनय कुमार पांडेय, अधिष्ठाता, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर थे। विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार पांडेय मुख्य महाप्रबंधक, ऊर्जा सुविधाएं एवं पर्यावरण प्रबंधन भिलाई इस्पात संयंत्र थे। अतिथि वक्ता के रूप में, डा धीरज खलखो, मुख्य वैज्ञानिक, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। मुख्य अतिथि डॉ विनय पाण्डेय ने कहा कि वेटलैंड को बचाने की दिशा में हम सभी को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में वेटलैंड की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। पाण्डेय ने कहा कि सरकार वेटलैंड संरक्षण के विषय में गंभीर हैं तथा इस दिशा में जमीनी स्तर पर काफी कार्य हो रहा है। विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि हमें अपने पुरखों से पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन सीखना चाहिए । पाण्डेय ने कहा कि सभी लोग जल स्त्रोतों के संरक्षण की बातें करते हैं पर हम मे से कोई भी इस दिशा में सकारात्मक योगदान देते हुए नहीं दिखता है। अतिथि वक्ता डा धीरज खलखो ने अपने प्रस्तुतीकरण में वेटलैंड (आर्द्रभूमि) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

अपने स्वागत भाषण में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने कहा कि वेटलैंड प्रकृति का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा किसान 1700 से आज तक लगभग 90 प्रतिशत वेटलैंडस का क्षरण हो चुका है और वन के विनाश से तीन गुना अधिक गति से वेटलैंड ख़तम हो रहे हैं। चौबे ने कहा कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र के इस जरुरी हिस्से के संरक्षण, संवर्धन और सदुपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना है। द इंस्टीट्यूशन आफ इंजिनियर्स (इंडिया) भिलाई के कार्यकारीणी सदस्य अरविन्द रस्तोगी ने इस अवसर पर विषय के बारे में परिचय और संक्षिप्त जानकारी दी। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग की महाप्रबंधक प्रभारी श्रीमती उमा कटोच, छत्तीसगढ़ राज्यशासन के तकनीकी शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, एन एस पी सी एल के अधिकारी, संस्था के पूर्व अध्यक्ष एम डी अग्रवाल, बी पी यादव, शिखर तिवारी, संस्था के सम्मानित सदस्यगण, बी आई टी दुर्ग, रूंगटाइंजीनियरिंग कॉलेज, दुर्ग पॉलीटेक्निक के छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन भिलाई इस्पात संयंत्र पर्यावरण प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक के प्रवीण ने दिया।

## स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बढ़ता भ्रष्टाचार चिंता का विषय



**भिलाई, 6 फरवरी।** वरिष्ठ श्रमिक नेता जॉर्ज कुरियन ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बढ़ते भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए कहा है कि इस क्षेत्र में बड़ा रैकेट काम कर रहा है जिस पर समय रहते ध्यान न दिया गया तो स्थिति विस्फोटक हो सकती है। कुरियन ने कहा कि निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर हो क्या रहा है, देखने की फुर्सत किसके पास है ? अमीर से लेकर गरीब तक महंगे इलाज के नाम पर अपने खून-पसीने की कमाई दांव पर लगा रहे हैं और स्वास्थ्य गवां रहे हैं । कहीं भी किसी की सुनवाई नहीं। भय दिखाकर बड़े-बड़े अस्पतालों में मरीजों की जेब खाली की जा रही है। कुरियन ने इस दिशा में पहल करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि व्यवस्था को बदल पाना तो मुश्किल है लेकिन लोग जागरूक होकर जरूर इस दिशा में बढ़ सकते हैं और अपने स्वास्थ्य और गाढ़ी कमाई को सोच-समझ कर खर्च करने के लिए स्वविवेक का प्रयोग कर सकते हैं। अस्सी वर्षीय भूतपूर्व श्रमिक नेता ने बताया कि इस मामले में वे स्वयं भुक्तभोगी हैं। अपने साथ हुए घटना का हवाला देते हुए कुरियन ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व हृदय की जांच कराने वे राजधानी रायपुर के एक बड़े अस्पताल में गए थे, जहाँ बहुत खर्चीली जाँच प्रक्रियाओं से उन्हें गुजरना पड़ा। बाद में उन्हें यह कहकर भयभीत कर दिया गया कि उनके हृदय में ब्लॉकेज अधिक है, उनकी जान खतरे में है, देरंदेर ऑप्रेशन करना जरुरी है वर्ना कुछ भी हो सकता है। इसके लिए उन्हें 25 लाख का खर्च बताया गया। कुरियन ने कहा कि उन्होंने गरीबी देखी है। उन्होंने जब डॉक्टरों से पूछा कि ऑपरेशन के बाद गारण्टी ? तो उन्होंने कहा कि साल भर चल सकता है या दस साल भी लेकिन गारण्टी कुछ नहीं है। यह सुनकर उन्होंने अपने पैर खींच लिए। बाद में भिलाई में भी एक जगह जांच कराये उन लोगों ने भी उन्हें विभिन्न जाँच प्रक्रिया से गुजारा और पैसों की डिमांड की। वे फौरन समझ गए कि माजरा क्या है। आज 2 वर्ष से ऊपर हो गए कोई ऑप्रेशन नहीं कराये फिर भी भले-चंगे हैं, कहीं इनके चक्कर में पड़ते तो क्या से क्या हो जाता। कुरियन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवावों को लेकर समाज को गलत दिशा में ले जाया जा रहा है। सब दूसरों की बातों में चल रहे हैं। शरीर को लेकर मजाक किया जा रहा है। सिस्टम तो रहेगा इंसान को जागरूक होना पड़ेगा।

## सीमांकन के बाद नकटा तालाब से अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की गई



**भिलाई, 6 फरवरी।** शासन के आदेश अनुसार नगर निगम भिलाई क्षेत्र के शासकीय तालाबों का सीमांकन किया जा रहा है। जिससे उसकी चौहद्दी ज्ञात हो सके और वहां पर बोर्ड लगाकर सूचना बोर्ड लगाकर लिखा जाएगा तालाब का क्षेत्रफल कितना है और कहां से कहां तक है। जिससे वहां पर कोई अवैध कब्जा न कर सके। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रं 02 वैशाली नगर स्थित देवदास बंजारे (नकटा) तालाब सीमांकन के बाद ज्ञात हुआ कि पांच लोगों द्वारा अवैध रूप से घर निर्माण किया गया था। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चैधरी के निर्देश पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को आदेश दिये। आदेश के परिपालन में जोन 2 का राजस्व अमला मौके का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर 5 स्थानीय निवासियों द्वारा तालाब के पार में अवैध रूप से धर ईट एवं शीट से धर निर्माण किया गया था। उनको पूर्व में हटा लेने के लिए दो बार नोटिस दिया गया था लेकिन उनके द्वारा नहीं हटाया गया। जिसे जिसे आज जे.सी.बी. के माध्यम से ध्वस्त कर मलबे को हटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त पाण्डेय को शिकायत प्राप्त हुई थी, कि कुछ स्थानीय नागरिकों द्वारा देवदास बंजारे (नकटा) तालाब के पार में अवैध रूप से निर्माण किया गया है। जिसका स्थल जांच करने के लिए जोन 2 का राजस्व अमला मौके पर पहुंचे। वहां पाया गया कि तालाब के किनारे अवैध अतिक्रमण कर निवास कर रहे है। जिसके आधार पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कुलेश्वर खुंटे, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, पुलिस बल की उपस्थिति में अपने दल के साथ अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया और बिजली सामग्री एवं घर पर रखे सामान को जब्त किया गया। संबंधित कब्जाधारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म के साथ आवश्यक जानकारी दी गई। जिसमें निर्धारित शुल्क जमा करके अपने नाम से नियमानुसार मकान आवंटन करा सकते हैं आयुक्त ने पूर्व में ही निगम क्षेत्र के सभी तालाबो का सीमांकन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जिससे तालाब का क्षेत्रफल कितना बड़ा कहां से कहां तक उसकी लम्बाई चैड़ाई है, उसका पता लगाया जा सके। साथ ही तालाब के किनारे उसकी क्षेत्रफल लिखकर नेम बोर्ड लगाया जा सके। जिससे होने वाले अवैध अतिक्रमण को रोका जा सके। अभियान के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, जामुल थाना प्रभारी मेहफज खान, जे.ई. विद्युत मण्डल से ललित पटेल एवं मदर मोहन तिवारी, हरि ताम्रकार, गुप्तानंद तिवारी, कार्तिक राम, समीर, मंगल जांगड़े, विष्णु सोनी, खेमलाल यादव, लोकेश बया, गौकरण कुर्रे आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिला पंचायत सदस्य चुनाव में 4 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया

**राजनांदगांव ,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 13 पदों के लिए प्राप्त कुल 67 नाम निर्देशन पत्रों के विधि मान्य होने के बाद आज 4 अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया है। जिसमें निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया से चित्रलेखा वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा से धनेन्द्र कुमार साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ से दीपक कुमार सिन्हा एवं जितेन्द्र सिन्हा शामिल है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

**राजनांदगांव ,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए लैटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा शनिवार 8 फरवरी 2025 को सुबह 10.30 बजे से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। कक्षा नवमीं हेतु सेंट विंसेंट पेलोटी इंटरनेशनल स्कूल डोंगरगढ़ एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कक्षा ग्यारहवीं हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बधियाटोला डोंगरगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षार्थी को अपने साथ प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### मतदान तिथि सार्वजनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित

**राजनांदगांव ,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकाय 2025 अंतर्गत मतदान तिथि मंगलवार 11 फरवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान तीन चरणों में आयोजित होगा। जिसके लिए मतदान तिथि सोमवार 17 फरवरी 2025 एवं गुरूवार 20 फरवरी 2025 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। मतदान तिथि रविवार 23 फरवरी 2025 को शासकीय अवकाश होने के कारण पृथक से सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

### अग्रहरि समाज के अध्यक्ष एवं पूर्व एल्डरमैन सहित अनेक का भाजपा प्रवेश

**राजनांदगांव ,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** अग्रहरि समाज के अध्यक्ष एवं पूर्व एल्डरमैन प्रभात गुप्ता राजा ने आज भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर अपने 35 साथियों के साथ पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह के समक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री श्री सौरभ कोठारी एवं दक्षिण मंडल अध्यक्ष श्री प्रशांत गुप्ता गोलू, सुमित भाटिया, महेश सोनी,आकाश चोपड़ा ,प्रियंक सोनी एवं अन्य की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया । भाजपा प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से इंजीनियर, आयुर्वेदिक डॉक्टर , प्रोफेसर, व्यवसायी एवं पढ़े लिखे युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। श्री अभिषेक सिंह ने प्रभात गुप्ता एवं अन्य सभी को पार्टी का दुपट्टा पहना कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता लेने वालों में राम किशोर गुप्ता, मुकेश देवांगन, धनराज बंजारे, संतोष जैन, चिन्मय अग्रहरि, तन्मय पटेल, रजत अग्रहरि, दीपक पांडे, उमेश भारती, विनोद टंडन, ताम्रध्वज चंद्राकर, सिद्धार्थ वैष्णव, मिथिलेश श्रीवास, अनुज गुप्ता, संतोष वर्मा, ढलेश्वर साहू, तुषार छाजेड़ , राजेंद्र मारकंडे, अवन भारती, गणेश शर्मा, राहुल सिन्हा, राकेश मराठा, मोहनी रानी, भावना वर्मा, हितेश कुमार, प्रशांत पटेल डोमार वर्मा शामिल है ।

### बीई एनर्जी फ्रांस के साथ साझेदारी की

**रायपुर ,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी प्योर ईवी ने फ्रांस की प्रमुख क्लाइमेट टेक कंपनी बीई एनर्जी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह भारत में अपनी तरह का पहला सहयोग है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह साझेदारी उन्नत लिथियम-आयन बैटरी पुनर्संवर्धन तकनीक (लिथियम-आयन बैटरी रिकंडीशनिंग टेक्नोलॉजी ) को भारतीय बाजार में लाने पर केंद्रित है। इस पहल का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों की पुनः उपयोग क्षमता को बढ़ाना, उनकी स्थिरता में सुधार करना और डिकार्बोनाइजेशन (कार्बन उत्सर्जन में कमी) प्रयासों को मजबूती देना है। यह साझेदारी भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक टिकाऊ और सुलभ बनाने में सहायक होगी।

बैटरी रिकंडीशनिंग में वैश्विक तौर पर अग्रणी बीई एनर्जी इस साझेदारी के साथ भारत में अपने कामकाज की शुरूआत करने जा रही है।

# भाजपा का वादा 6 माह के अंदर 101 दुकान का आबंटन

- 15 साल में नगर का विकास नहीं हुआ, कांग्रेस की सबसे बड़ी उपलब्धि उनके मंत्री विधायक और अधिकारी जेल में केवल भ्रष्टाचार हुआ''-अवधेश चंदेल
- बिना पटटाधारी को भी मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरिया,6 फरवरी।** नगर पंचायत के पुराने बस स्टैण्ड में भाजपा के चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं जिला संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल राजनांदगांव ने कहा कि कांग्रेस के 15 साल में नगर का विकास नहीं हुआ, केवल भ्रष्टाचार हुआ जिसका जीता जागता उदाहरण नगर के पुराने बस स्टैण्ड में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना से बनी 101 दुकानों में आज भी ताला लगा हुआ है । नगर पंचायत छुरिया में बहुचर्चित राशन घोटाला, कमीशनखोरी के हावी होने के चलते नगर के वार्डो में विकास नहीं हो पाया। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार है वही विकास, तरक्की एवं संवारने काम नगर पंचायत छुरिया में करेंगे। एक वर्ष हो गया महतारी वंदन योजनांतर्गत महिलाओं के खाते में हर माह एक हजार रूपये आने लगा है । पिछली सरकार ने पच्चीस सौ रूपये क्विंटल में धान खरीदा था, विष्णु देव साय की सरकार इकतीस सौ रूपये में धान खरीद रही है और तत्काल भुगतान किया जा रहा है । क्षेत्र में काम की बात आती है तो यहां के विधायक भोलाराम साहू एक ही बात का रोना रोते है, हमर तो सरकार नहीं है । नगर पंचायत चुनाव प्रभारी दिनेश गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में गरीब मन की योजना को गरीब तक नहीं पहुंचने देते थे । भाजपा सरकार में गरीब को अधिकार मिलेगा । प्रधानमंत्री आवास में हर गरीब का आवास बनेगा । यह चुनाव छुरिया की दशा एवं दिशा को बदलने वाला चुनाव होगा । प्रदेश में विष्णुदेव एवं केन्द्र में मोदी की सरकार है, नगर का विकास केवल भाजपा की सरकार कर सकती है । कांग्रेस कभी किसी की चिन्ता नहीं करती वे आते जरूर है लेकिन सब को ठग कर चले जाते हैं । भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल एवं 15 वार्डो के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर इस बार नगर में भाजपा की सरकार बनायें । चुनावी सभा में भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, सतवंत सिंह भाटिया, एम.डी.ठाकुर, आत्माराम चंदवंशी, जगजीत सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, रोमी भाटिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कान्ता साहू, महामंत्री संजय सिन्हा, श्रीमती सीमा सिन्हा, शेखर भरद्वाज, अमीर खान, सोनू कसेर सलमान खान सहित भाजपा पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



## एक साल हो गया, ये सरकार में एक रुपया नहीं आया, विकास के कार्य बंद हैं : भूपेश बघेल

तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता

» छुरिया में चुनावी सभा को किया संबोधित पुर्व मुख्यमंत्री ने

**छुरिया ,6 फरवरी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर पंचायत के नए बस स्टैण्ड में कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी सभा में कहा कि एक साल हो गया ये सरकार में एक भी रूपया नहीं आया । प्रदेश में विकास के काम बंद पड़े हुए हैं। हमारी सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी गई । मुफ्त में ईलाज, दवाई, बिजली बिल हाफ, सभी को बंद कर कर दिया गया है । जगह-जगह शराब दुकाने खुल रही है और शराब की कीमत बढ़ा दी गई है । धान बेचने किसान टोकन के लिए परेशान है । गर्मी की फसल में किसानों को यूरिया मिलना बंद हो गया है, यूरिया ब्लैक में 300 सौ से 400 सौ रूपये में बिक रहा है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी रितेश जैन एवं 15 वार्ड के सभी पार्षदों को चुनाव में जीताकर नगर पंचायत में चौथी बार कांग्रेस की सरकार बनाये । चुनावी सभा में विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर की बहुत चिन्ता की, यहां खूब विकास हुआ, डिवाइडर, सी.सी.सड़क, मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण, पौनीपसरा बाजार हाट एवं 65 परिवार को वनभूमि पट्टा वितरण किया गया । इस बार कांग्रेस के प्रत्याशियों को जिताएं और कांग्रेस की सरकार बनायें । विधायक निधि से नगर के विकास कार्य होंगे । इस सभा में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू, प्रकाश यादव, नवाज खान, यशवंत तिवारी, शकील कुरैशी , सतीश पटेल, रमेश जैन, , अब्दुल खान, कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 के अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर विरोध के स्वर तेज

तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता

» सोशल मीडिया में चयन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल
» जमीनी कांग्रेसी कार्यकर्ता निकाल रहे भड़ास

**छुरिया,6 फरवरी।** खुज्जी विधानसभा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन पश्चात कांग्रेस एवं भाजपा ने जिला पंचायत सदस्यों को लेकर ब्लाक छुरिया में अपने-अपने अधिकृत प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है, जहां सबसे ज्यादा विरोध जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12 गैन्दाटोला में कांग्रेस पार्टी को झेलना पड़ रहा है । यहां के कांग्रेस पदाधिकारी एवं जमीनी कार्यकर्ताओं में प्रत्याशी चयन को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है । ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरिया के सोशल मीडिया ग्रुप में गैन्दाटोला क्षेत्र के कर्मठ पदाधिकारी एवं क्षेत्र से टिकट की दावेदारी करने वाले ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के टिकट वितरण में जिनका नाम कांग्रेस पार्टी से अधिकृत किया गया है इसके चयन प्रक्रिया का पैमाना क्या रहा है और उन्होंने कहा कि संगठन जवाब दे । स्थानीय जमीनी कार्यकर्ताओं का घोर अपमान है कहते हुए अपनी भड़ास निकाली है । जिसको लेकर ग्रुप में वाद-विवाद की स्थिति बनी रही । उस क्षेत्र के कांग्रेसियों ने इसका चौतरफा विरोध भी किया है । नगर पंचायत छुरिया की पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12 गैन्दाटोला से अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है । जिनके विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरिया के व्हाट्स-अप ग्रुप में चयन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया है । वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू ने कांग्रेस से बगावती तेवर अपनाते हुए अंतिम दिन सैकड़ों समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है । उनके अलावा कांग्रेस पार्टी के जिला कांग्रेस (ग्रामीण) सचिव डॉ. प्रकाश शर्मा ने भी नामांकन भरा है । आज नामांकन वापसी का अंतिम दिन है । कांग्रेस से बागी प्रत्याशियों को मनाने का दौर चल रहा है । तीन बजे के बाद जिला पंचायत क्षेत्र से चुनाव लड़ने वालों अभ्यर्थियों की स्थिति स्पष्ट हो जायेगी ।

**विधायक ने कहा सहीं है कांग्रेस की सूची**-जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 10 घोरतलाव से श्रीमती रामछत्रीय चंद्रवंशी, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी से श्रीमती अश्वनी मंडलोई, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12 से श्रीमती राजकुमारी सिन्हा एवं जिला पंचायत क्षे क्र. 13 से प्रताप धावड़े के नामों की जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अधिकृत प्रत्याशियों की जो सूची जारी की गई है इस सूची को फर्जी बताकर सोशल मीडिया में खबर चलती रही । जिसकी पुख्ता जानकारी के लिए नवभारत संवाददाता ने विधायक भोलाराम साहू से इसकी हकीकत जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि कांग्रेस के चार जिला पंचायतों के अधिकृत प्रत्याशियों की जो सूची जारी की गई है वह सही है ।

### 50 से अधिक स्टार्ट-अप का स्टार्ट-अप अनुदान से करेंगेसपोर्ट

**रायपुर।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने प्रमुख परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम के आठवें संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की है। इस वर्ष सामाजिक प्रभाव क्षेत्र में काम करने वाले 50-60 स्टार्ट-अप का सपोर्ट करने के लिए 15 से अधिक इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर का चयन किया गया है और उन्हें इसमें शामिल किया गया है। कार्यक्रम चयनित स्टार्ट-अप को 50 लाख रुपए तक का अनुदान प्रदान करेगा, जिसका कुल कार्यक्रम बजट 20 करोड़ रुपए है। आईआईटी मद्रास, आईआईएम अहमदाबाद वेंचर्स, विप्रो, आईसीएआर पूसा कृषि, आईआईटी गुवाहाटी बायोनेस्ट, एस्पायर - हैदराबाद विश्वविद्यालय, आईआईएम-कलकत्ता इनोवेशन पार्क, आई-हब गुजरात, केरल स्टार्ट-अप मिशन, आईएफएमआर कैटालिस्ट एआईसी इस साल पहले से ही शॉर्टलिस्ट किए गए इनक्यूबेटर्स में से हैं।

## लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बिना डरें करें मतदान : कलेक्टर

**राजनांदगांव 6 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वीप द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में मतदान करने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महिलाओं के बीच रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता तथा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी को शपथ दिलाई। कलेक्टर ने बच्चों द्वारा मतदान के अधिकार एवं मतदान के महत्व के संबंध में बनाए गए मेंहदी एवं स्लोगन लेखन की तारिफ की। उन्होंने बच्चों को नगरीय निकाय निर्वाचन में अपने और अपने परिवार के अन्य सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जो प्रतिनिधि हमें अच्छा लगता है, उसे बिना डर और भय से मतदान करें। उन्होंने बताया कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। जिसके कारण सभी को मताधिकार का समान अवसर मिलता है और अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति भी अच्छे पद पर जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों में निर्वाचन के प्रति जुनून होना चाहिए। जिससे अपने अच्छे प्रतिनिधि को बिना डर और भय के चुन सके। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी महिलाओं को घर-घर



जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा अपने मतदाताधिकार का उपयोग करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने कहा। जिससे नगरीय निकाय निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। उन्होंने महापौर और पार्षद पद के लिए ईव्हीएम मशीन के माध्यम से किए जाने वाले मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली, मेहंदी, नारा लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में ईव्हीएम मशीन के माध्यम से निर्वाचन किया जाएगा। जिसके लिए सभी नगरीय निकायों में ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नये मतदाता जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि पिछले नगरीय निकाय निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत कम रहता है। इसके लिए नागरिकों को मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी देना है और उन्हें प्रेरित करना है कि वे मतदान के दिन मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## मोवा अंडरब्रिज में गंदगी की जनशिकायत का सफाई करवाकर त्वरित निदान किया गया

**रायपुर ,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग को मोवा अंडरब्रिज में गंदगी के आलम से संबंधित प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने नगर निगम जोन 3 व जोन 9 की सफाई टीम द्वारा मोवा अंडरब्रिज की सफाई करवाये जाने का कार्य स्थल निरीक्षण कर करवाया । आयुक्त के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नगर निगम जोन 3 एवं जोन 9 के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को निरीक्षण कर मोवा अंडरब्रिज का अवलोकन कर उसकी शत प्रतिशत साफ सफाई किये जाने एवं भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति ना हो इस हेतु निर्देशित किया गया है। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोवा अंडरब्रिज में गंदगी के आलम से संबंधित प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया है।




## सील्ट की सफाई सुबह नियमित जलापूर्ति पश्चात की जाएगी

**रायपुर ,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा बोरिया खुर्द के 2500 किलोलीटर क्षमता और टाटीबंध के 3200 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई का कार्य अभियान पूर्वक करवाया गया. बोरियाखुर्द और टाटीबंध ओवर हेड टैंक में सुबह की नियमित जलापूर्ति करने के पश्चात पानी टंकी की सफाई का कार्य करते हुए सील्ट सफाई के साथ - साथ कैमिकल ट्रीटमेंट , सभी चैंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का आवश्यक कार्य किया गया . यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस कार्य के लिए पूर्व में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत सतगुरु एजेंसी और सेफ क्लीन एजेंसी को ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई हेतु नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है. बोरियाखुर्द और टाटीबंध ओवर हेड टैंक में सील्ट की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से आज सुबह 9 बजे प्रारम्भ कर दोपहर 2 बजे तक पूर्ण कर लिया गया.दिनांक 6 फरवरी 2025 श्याम नगर और कोटा के 3200 किलो लीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई सुबह की नियमित जलापूर्ति करने के पश्चात की जाएगी।

# जनता का विश्वास, हमारा विजन:भाजपा

**मोहला,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी के सर्वांगीण विकास एवं नगर में विकास और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मै आपके समक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु आपके समक्ष हूं । चुंकि यह मेरा सौभाग्य है कि पार्टी के वरिष्ठजनों एवं शुभचिंतकों ने मुझ पर भरोसा दिलाया एवं मुझे पुनः नगर सेवा के लिए अवसर दिया है । चुनाव के दौरान हर व्यक्ति के मन यह उम्मीद होती है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर हित में क्या सुविधाएँ और सौगात देंगे । इन अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर हमारी पार्टी ने यह घोषणा पत्र जारी किया है ।अम्बागढ़ चौकी में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी (एस.डी.एम.) कार्यालय की स्थापना,शासकीय अस्पताल में जिले जैसी त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएँ,ई-लाईब्रेरी का नगर अम्बागढ़ चौकी में निर्माण किया जायेगा,गौशाला निर्माण, गौ संरक्षण एवं संवर्धन,नगर के नागरिकों के उत्तम मनोरंजन के लिए चौपाटी निर्माण,मुक्तिधाम उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण,शिवनाथ पूल से शंकर मंदिर तक ओव्हरब्रीज निर्माण,खेल मैदान में 6 हाईमास्क लाईट व स्टेडियम निर्माण,शिवनाथ नदी तट सौंदर्यीकरण,वंचित एवं सुपात्र हितग्राही महिलाओं को महतारी वंदन का तत्काल समुचित लाभ दिलाना,बचे हुए हितग्राहियों को पट्टा वितरण एवं आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा,गौरव पथ निर्माण (बाजार चौक से कान्हे तक, शत्रुघन नेताम जी के घर से चिल्हाटी रोड तक) मुख्यमंत्री रामलला दर्शन योजनांतर्गत नगरवासियों को अयोध्या तिर्थयात्रा लाभ,नगर पंचायत अं .चौकी में नामांतरण प्रकरण समय सीमा में कराने की सुविधा,पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए समुचित एवं बेहतर प्रबंध।

इस बार जनता हमारे विजन को देखेगी और कांग्रेस को हर स्तर पर सत्ता से बाहर करने का संकल्प लेगी। हमने हर वादा पूरा करने का प्रयास किया है, और अब जनता का साथ लेकर कांग्रेस के भ्रष्टाचार को छत्तीसगढ़ से पूरी तरह खत्म करेंगे। अटल जी ने कहा था, मैं यहाँ वादे लेकर नहीं, इरादे लेकर आया हूँ। और हमारे इरादे ही हमें जनता की सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। यही कारण है कि बीजेपी का यह घोषणापत्र जनता के सुझावों और जरूरतों पर आधारित है–यह केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि जनता के लिए, जनता द्वारा और जनता की सेवा में बनाया गया रोडमैप है। कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति का यह समय है, और इस बार छत्तीसगढ़ की जनता का फैसला स्पष्ट होगा। जैसा कि मोदी जी ने कहा था, भाजपा की गारंटी, मतलब गारंटी पूरी होने की भी गारंटी हम अपनी गारंटी को पूरी तरह निभाकर जनता के विश्वास को और मजबूत करेंगे।वही स्थानीय घोषणा में बताया की अम्बागढ़ चौकी में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी (एस.डी.एम.) कार्यालय की स्थापना,शासकीय अस्पताल में जिले जैसी त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएँ. ई-लाईब्रेरी का नगर अम्बागढ़ चौकी में निर्माण किया जायेगा,गौशाला निर्माण, गौ संरक्षण एवं संवर्धन,नगर के नागरिकों के उत्तम मनोरंजन के लिए चौपाटी निर्माण,मुक्तिधाम उन्नयन एवं सौंदर्याकरण,शिवनाथ पूल से शंकर मंदिर तक ओव्हरबीज निर्माण,खेल मैदान में 6 हाईमास्क लाईट व स्टेडियम निर्माण, शिवनाथ नदी तट सौंदर्याकरण,वंचित एवं सुपात्र हितग्राही महिलाओं को महतारी वंदन का तत्काल समुचित लाभ दिलाना,बचे हुए हितग्राहियों को पट्टा वितरण एवं आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा, गौरव पथ निर्माण (बाजार चौक से कान्हें तक, शत्रुधन नेताम जी के घर से चिल्हाटी रोड तक), मुख्यमंत्री रामलला दर्शन योजनांतर्गत नगरवासियों को अयोध्या तिर्थयात्रा लाभ.नगर पंचायत अं. चौकी में नामांतरण प्रकरण समय सीमा में कराने की सुविधा.पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए समुचित एवं बेहतर प्रबंध ,नगरीय निकाय चुनाव - 2025 हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी ÷अटल विश्वास पत्र÷ 20 प्रमुख बिंदु इस प्रकार है नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे। साथ ही, हम सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे,रुके हुए पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को, और वर्तमान में स्वीकृत हुए 3 लाख क्क्ष्- घरों को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही, जो बिजली बिल और समेकित कर पटाते है, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी, महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी कर में 25त्न की विशेष छूट प्रदान करेंगे। प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10त्न की विशेष छूट प्रदान करेंगे,प्रत्येक नगर निगम में 'महापौर सम्मान निधि' की स्थापना करेंगे, जिसके तहत यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को ?1 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी,प्रत्येक नगर निकाय के व्यावसायिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करेंगे, बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधाओं का विस्तार करेंगे, ताकि उन्हें साफ, सुरक्षित और सुविधाजनक



शौचालय मिल सके,विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे, स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से ?30,000 की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, हम स्मार्ट वेंडिंग ज़ोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना करेंगे और एक समुचित नीति बनाएंगे, जिससे सड़क व्यापार को बढ़ावा मिलेगा,समाधान योजना के माध्यम से हम बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान प्रदान करेंगे, विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए फ्री सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। स्वयं-सहायता समूहों (स्ात्रह्य) के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना करेंगे। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के स्ात्र लाभार्थियों को ?2.5 लाख तक का ऋ्रण और मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बने। यूजर चार्ज का युक्त युक्तिकरण करेंगे। स्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हर घर में कचरा बाल्टी मुहैया कराएंगे और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों की ट्रैकिंग करेंगे। 'माई सिटी ऐप' लॉन्च करेंगे, जो नगर निगम की सभी ऑनलाइन सेवाओं को सुनिश्चित करेगा। हम हर ज़ोन में एक एकीकृत सेवा केंद्र स्थापित करेंगे ताकि लोगों को बार बार निगम दफ्तर नहीं जाना पड़े,हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए नल से जल की व्यवस्था को बेहतर करेंगे, नए जल टैंक बनाएंगे।

## संपादकीय

## महंत ने कुछ कहा है तो यूं ही नहीं कह दिया है

राजनीति में जब कुछ कहा जाता है, किसी बड़े नेता द्वारा कहा जाता है तो वह यूं ही नहीं कह दिया जाता है, उसका कोई मकसद होता है, कोई संदेश देना होता है कि राज्य की राजनीति बदलने वाली है। राज्य का बड़ा नेता बदलने वाला है। उसकी जगह दूसरा बड़ा नेता आने वाला है। जिसकी राज्य में अब तक चलती थी, उसकी अब नहीं चलने वाली है।नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत राज्य के बड़े कांग्रेस नेताओं में से एक हैं।सीनियर नेताओं में से एक हैं, वह कुछ खास कहते हैं तो यूं ही नहीं कह देते हैं।उन्होंने कुछ खास कहा है तो यूं नहीं कह दिया है, उन्होंने कहा है कि कुछ सोचसमझ कर कहा है। ऊपर से कोई संकेत मिला है तो कहा है। महंत ने कहा है कि राज्य में अगला विधानसभा चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।इसका मतलब तो यही निकाला जा सकता है और यही निकाला जा रहा है कि राज्य में विधानसभा का अगला चुनाव कम से कम भूपेश बघेल के नेतृत्व में तो नहीं लड़ा जाएगा। इसका मतलब तो यही निकाला जा सकता है कि भूपेश बघेल अब राज्य के सबसे बड़े नेता नहीं रहे, मतलब अब तक उनकी मर्जी से ही राज्य में सबकुछ होता था, लेकिन अब उनकी मर्जी से राज्य में सब कुछ नहीं होगा क्योंकि अध्यक्ष के तौर पर भूपेश बघेल जितने सफल रहे, सीएम के रूप में उतने सफल नहीं रहे। उनको कांग्रेस को दोबारा राज्य में चुनाव जिताना था और यह सबसे अहम काम वह नहीं कर सके।राज्य में कांग्रेस को दोबारा चुनाव जिताने के लिए ही उनको पूरी छूट दी गई थी,लेकिन पूरी छूट के बाद भी भूपेश बघेल वह करिश्मा नहीं कर सके जिसकी अपेक्षा आलाकमान कर रहा था।नेता तो वही माना जाता है जो करिश्मा कर सकता है। एक बार नहीं बार बार कर सकता है। भूपेश बघेल ने एक बार करिश्मा किया लेकिन बार बार नहीं कर सके, दो बार नहीं कर सके। जो बार बार करिश्मा नहीं कर सकता है, उसे असफल नेता मान लिया जाता है। महंत के कहने का मतलब यह भी हो सकता है कि आलाकमान राज्य में अब बदलाव चाहता है, वह चाहता है कि भूपेश बघेल की जगह राज्य में कांग्रेस का नेतृत्व कोई और नेता करे जो कांग्रेस को अगले चुनाव में जिताने का करिश्मा कर सके।राज्य में डिप्टी सीएम रहे टीएस सिंहदेव स्वाभाविक रूप से ऐसे नेता माने जा सकते हैं क्योंकि जब राज्य में कांग्रेस जीती थी, उसकी जीत में भूपेश बघेल के साथ ही सिंहदेव की भूमिका भी अहम थी।तब कहा जाता था कि कांग्रेस को जिताने में जय-वीरू की अहम भूमिका रही थी। दोनों ने मिलकर कांग्रेस को चुनाव जिताया था।दोनों ने मिलकर कांग्रेस को चुनाव जिताने का करिश्मा किया था।कांग्रेस की जीत तब करिश्मा ही थी क्योंकि रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा तीन चुनाव जीत चुकी थी और कांग्रेस तीन चुनाव हार चुकी थी। तीन चुनाव हारने के बाद कांग्रेस जीती थी तो यह जीत करिश्मा ही मानी गई,छत्तीसगढ़ की राजनीति के इतिहास में इसे करिश्मा के रूप में ही याद किया जाएगा। साथ ही भूपेश बघेल के नेतृत्व में दूसरे चुनाव में हार को करिश्मा के रूप याद किया जाएगा क्योंकि कांग्रेस तो चुनाव जीतते जीतते हार गई थी, यही चरण दास महंत ने तब कहा था कि हमको तो यकीन नहीं आ रहा है कि कांग्रेस हार गई है। राजनीति में हार सबसे बड़ी असफलता होती है,उसके बाद नेता को कोई और मौका नहीं दिया जाता है,मान लिया जाता है कि इसे जितना मौका दिया गया, वह बहुत है अब मौका देने का जरूरत नहीं है।रमन सिंह चौथा चुनाव हारे तो उनको भी भाजपा ने पांचवां मौका कहां दिया। नए नेता को मौका दिया गया और नेतृत्व बदलने पर भाजपा को वह जीत मिली जो वह चाह रही थी।तो कभी कभी जीत के लिए नेता को बदलना भी पड़ता है। आलाकमान तो जीत चाहता है, वह नेता बदलने से मिलती है तो वह नेता भी बदलता है, भूपेश बघेल को किसी की जगह लाया था तो भूपेश बघेल की जगह भी किसी को लाया जा सकता है। वह टीएस सिंहदेव है तो यह अच्छा चुनाव कहा जा सकता है क्योंकि राज्य की कांग्रेस की राजनीति में भूपेश बघेल का विकल्प टीएस सिंहदेव ही माने जाते रहे हैं। बताया जाता है कि आलाकमान तो चाहता था कि टीएस सिंहदेव भी ढाई साल के लिए सीएम बने लेकिन भूपेश बघेल ने उनको बनने नहीं दिया क्योंकि वह खुद पांच साल सीएम बने रहना चाहते थे।माना जाता है कि भूपेश बघेल आलाकमान को आश्वस्त करने में सफल रहे कि वह उनसे जो कुछ चाहते हैं वह करेंगे।भूपेश बघेल जब तक सीएम रहे तब तक वह सब किया जो आलाकमान उनसे चाहता था, पार्टी उनसे चाहती थी। वह सिर्फ एक काम नहीं कर सके कांग्रेस को दूसरी बात जिताने का।इस असफलता से उनका राजनीतिक कद कम हुआ है और उनकी जगह दूसरे नेता को मौका देने की बात भी होने लगी है। टीएस सिंहदेव सौम्य व शालीन नेता है,उन्होंने नेता प्रतिपक्ष महंत के बयान के बाद पैदा हुई स्थिति को भांपकर कांग्रेस में गुटबाजी न बढ़े, यह कहा है कि महंत ने कहा है कि सरगुजा से बाबा,बस्तर से बैज,मंहत अपने क्षेत्र में कांग्रेस का नेतृत्व करेंगे यानी कांग्रेस सामूहिक नेतृत्व में अगला चुनाव लड़ेगी। टीएस सिंहदेव ने यहां भूपेश बघेल का नाम नहीं लिया। फिर भी उनका जोर सामूहिक नेतृत्व पर है तो इसलिए कि वह नहीं चाहते हैं कि अभी से कांग्रेस में गुटबाजी शुरू हो जाए। वैसे भी महंत के बयान पर भूपेश बघेल की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भूपेश बघेल राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं, वह समझ रहे होंगे कि महंत ने कहा है तो इसका मतलब क्या है, उनका बयान सामने आने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि वह इस बयान का क्या मतलब निकालते हैं।भूपेश बघेल को आलाकमान ने दिल्ली की राजनीति में पहले भी लाने का प्रयास किया था लेकिन भूपेश बघेल राज्य में रहने को इच्छुक रहे हैं,लोकसभा चुनाव के वक्त उनको सासंद का चुनाव लड़ने को कहा गया था तो भी उन्होंने यही इच्छा जताई थी लेकिन दबाव में उनको लोकसभा का चुनाव लड़ना पड़ा था।वह चुनाव हार गए और राज्य की राजनीति में बने हुए हैं।भूपेश बघेल कांग्रेस के बड़े नेता हैं,आलाकमान उनका कैसा उपयोग करना चाहता है, यह अभी साफ नहीं हुआ है। हो सकता है कि आनेवाले दिनों में यह साफ हो जाए।

गंभीर समस्या

सुनील कुमार महला

# बदलती जीवनशैली और ओबेसिटी (मोटापे) की समस्या !



पहले की तुलना में आज मनुष्य की जीवनशैली में आमूलचूल परिवर्तन आए हैं। आज मनुष्य की जीवनशैली इतनी व्यस्त हो गई है कि मनुष्य के पास अपने स्वास्थ्य के लिए भी समय नहीं बचा है। कहा गया है 'स्वास्थय ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है।' लेकिन आज मनुष्य अपने स्वास्थ्य का सही तरीके से ख्याल नहीं रख पा रहा है। घटते जंगलों के कारण बढ़ते प्रदूषण, औद्योगिकीकरण के बीच आज मनुष्य को अनेक बीमारियां घेर रहीं हैं। न हवा शुद्ध रही है और न मिट्टी और जल। चहुंओर प्रदूषण का बोलबाला है, ऊपर से मनुष्य का एंड्रॉयड मोबाइल, लैपटॉप , इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स और अन्य इलेक्ट्रानिक संसाधनों पर अधिक समय बिताना, बाहर का खाना विशेषकर 'जंक फूड' और 'फास्ट फूड'पर निर्भरता, शहरों में देर रात सोना और सुबह देर से जागना, पारिवारिक अलगाव, एकाकीपन जैसी समस्याएं आज आम हो चुकीं हैं। इन कारणों से तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ापन, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय की बीमारियां लोगों को घेर रही हैं।सच तो यह है कि आज मनुष्य की बदलती जीवनशैली के कारण देश में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारियों का जोखिम बढ़ता है। अधिक वजन से फेफड़ों पर दबाव बढ़ता है, जिससे अस्थमा और नींद से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं, तो जोड़ों पर अधिक दबाव पड़ने से गठिया और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। मिलावट, अशुद्धता के इस दौर में, बदलती जीवनशैली के कारण मनुष्य के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस क्रम में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही थी कि देश में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जो चिंता का विषय है। पाठकों को बताता चलूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही थी कि, 'खेल को भारत के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है।' अपने संबोधन के दौरान उन्?होंने इस बात पर जोर दिया कि जब कोई देश खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करता है, तो उसकी प्रतिष्ठा और प्रोफाइल भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि खेलों को भारत के विकास और उसके युवाओं के आत्मविश्वास से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि-'एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बड़ी सुंदर तस्वीर यहां(देवभूमि उत्तराखंड में) दिख रही है। नेशनल गेम्स में इस बार भी कई देसी पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है तथा इस बार के नेशनल गेम्स, एक प्रकार से ग्रीन गेम्स भी हैं। इसमें 'एनवायरमेंटल फ्रेंडली' चीजों का काफी इस्तेमाल हो रहा है। नेशनल गेम्स में मिलने वाले सभी मेडल और ट्रॉफियां भी ई-वेस्ट से बनी हैं। मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम पर यहां एक पौधा भी लगाया जाएगा। ये बहुत ही अच्छी पहल है।' बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में बढ़ती मोटापे की समस्या (ओबेसिटी) को लेकर अपनी चिंताएं जताई। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि आज हमारे देश में ओबेसिटी (मोटापे) की समस्या तेजी से बढ़ रही है। देश का हर एज ग्रुप, और ?वा भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। ये चिंतनीय इसलिए है क्योंकि मोटापा सब बीमारियों का घर कहा जाता है। मोटापे के कारण शुगर(डायबिटीज), हृदय रोग,जैसी अनेक बीमारियों का रिस्क युवाओं में विशेषकर बढ़ रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि आज हमारे युवाओं को अपनी डाइट और व्यायाम आदि पर फोकस करते हुए अपनी जीवनशैली को संतुलित



Image credit: istockphoto.com/Staras

करने की आवश्यकता है। आज भी भागम-भाग और व्यस्त जिंदगी में हमें यह चाहिए कि हम अपने लिए थोड़ा-सा समय निकालकर एक्सरसाइज करें। टहलने से लेकर वर्क-आउट करने तक, जो भी संभव हो सके हमें अवश्य करना चाहिए। शहरी जीवनशैली में हम न तो आज अपनी डाइट पर ही फोकस करते हैं और न ही अपने स्वास्थ्य पर। हर कोई आज पदार्थ की ओर भाग रहा है। ज्यादा से ज्यादा पाने की होड़ ने हमें कहीं का भी नहीं छोड़ा है। कहना गलत नहीं होगा कि हमारा फोकस आज के समय में 'बैलेंस्ड इनटेक' पर नहीं रह गया है और हम फास्ट फूड और जंक फूड की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। हमें इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हमारा खाना/खान-पान न्यूट्रिशियस हो, पौष्टिक हो, संतुलित हो। हाल फिलहाल,सच तो यह है कि प्रधानमंत्री की मोटापे के विरूद्ध अपील को व्यापक जन-समर्थन मिला है। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचो, दक्षिण पूर्व एशिया ने नियमित फिजिकल एक्टिविटी और संतुलित, पौष्टिक आहार के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान का खासतौर पर उल्लेख किया है। कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बाद लोगों में फिजिकल फिटनेस को बनाए रखने के प्रति जागरूकता का भाव पैदा हुआ है। वास्तव में,विश्व स्वास्थ्य संगठन और आइसीएमआर मोटापे को वैश्विक बीमारी मानते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 1975 के बाद से मोटापा तीन गुना बढ़ चुका है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2016 में 1.9 अरब वयस्क अधिक वजन के थे। विज्ञान जर्नल 'द लांसेट' के मुताबिक, वर्ष 2022 में भारत में 5-19 वर्ष की आयु के 1.25 करोड़ बच्चे अधिक वजन के थे। देश में वयस्क महिलाओं में मोटापे की दर वर्ष 1990 की 1.2 फीसदी से बढ़कर वर्ष 2022 में 9.8 हो गई । इतना ही नहीं, आंकड़े बताते हैं कि इसी अवधि में ही पुरुषों में मोटापे की दर 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 5.4 फीसदी हो गई। गौरतलब है कि विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया और उप-सहारा अफ्रीका में, मोटापा एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है।पाठकों को बताता चलूं कि 30 प्रतिशत से अधिक शरीर में वसा वाली महिलाओं और 25 प्रतिशत से अधिक शरीर में वसा वाले पुरुषों को मोटापे से ग्रस्त माना जाता है। मॉर्बिड मोटापे को 40 से अधिक बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो पुरुषों के लिए लगभग 100 पाउंड अधिक वजन और महिलाओं के लिए 80 पाउंड के बराबर होता है। वास्तव में, मोटापा समस्या नहीं, बीमारी है। कहना गलत नहीं होगा कि आज सभी के लिए स्वस्थ आहार तक सस्ती पहुंच सुनिश्चित करने और सभी के लिए शारीरिक गतिविधि और समग्र स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने वाले वातावरण बनाने के उद्देश्य से नीतियों को लागू करने में अनेक महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं, हमें इन चुनौतियों पर विशेष ध्यान देना होगा। यह काबिले-तारीफ है कि ओबेसिटी (मोटापे)के खिलाफ जन अभियान में देश के 700 मेडिकल कॉलेज शामिल हो रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया के नेतृत्व में 250 से अधिक साइकिल सवार मोटापे से लड़ने की प्रधानमंत्री की अपील के समर्थन में दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एक मंच पर एकत्रित हुए। दिल्ली के एम्स के 14 डॉक्टरों ने भी मोटापे के शरीर पर पड़ने वाले असर पर व्यापक चर्चा की। यह काबिले-तारीफ है कि जल्द ही देश के सभी सरकारी अस्पतालों में मोटापे को लेकर विशेष ओपीडी संचालित होने वाली है, जहां आहार विशेषज्ञ पौष्टिक और संतुलित भोजन तथा व्यायाम आदि के बारे में जानकारी देंगे। बहरहाल,आज हमारे देश में 'फिट इंडिया मूवमेंट' जारी है। लोगों को मिलेट्स (मोटा अनाज) खाने को लेकर भी जागरूक किया जा रहा है। खेल, फिजिकल एक्टिविटी, बैलेंस्ड डाइट को लेकर भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जरूरत बस इस बात की है कि हम बैलेंस्ड लाइफ की ओर ध्यान दें। वास्तव में इसके लिए हमें यह चाहिए कि हम अपने खाने में अन-हेल्दी फैट, तेल को थोड़ा कम करें। हम ताजी चीजें, नैचुरल चीजें, बैलेंस्ड मील(संतुलित भोजन) खाएं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि' एक स्वस्थ तन ही, स्वस्थ मन और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।' तो आइए, हम सब मिलकर एक ह्यफिट इंडियाह्न बनाएं और देश को प्रगति और उन्नयन की ओर ले जाएं।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आप बच्चों की पढ़ाई को लेकर काफी टेंशन में रहेंगे, लेकिन आप अपने व्यवहार में संयम बनाए रखें। आपको जीवनसाथी के स्वास्थ्य की ओर भी पूरा ध्यान देना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आप अपने बिजनेस के कामों में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। किसी नई संपत्ति की खरीदारी करने की आप योजना बनाएंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप अपने कामों से अपने बॉस को काफी खुश रखेंगे। आपके ज्ञान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी भूमि और वाहन की खरीदारी करना अच्छा रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें। आपने यदि नौकरी को लेकर कहीं इंटरव्यू दिया था, तो वहां से आपको कोई कॉल आ सकती है। आपका कोई पुराना रोग उभरने से आपकी टेंशन बढ़ेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह आपको मिल सकती हैं। आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा ना बोले। आप अपने किसी मित्र के लिए कुछ रूपयों का इंतजाम करेंगे। आपकी आय बढ़ने से आपका प्रोत्साहन और बढ़ेगा। आपके कामों के लिए आप अपने बॉस से शाबाशी मिल सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अपने प्रयासों को तेज करना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए जमीन-जायदाद से संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। विदेश से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी कुछ पुरानी यादें ताजा होगी। विद्यार्थियों को शिक्षा से संबंधित कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपना ध्यान जरूरी कामों में लगाएं। किसी की कहीसुनी बातों पर आप भरोसा ना करें। आप किसी नए घर की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए कानूनी मामले में अच्छा रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति नकारात्मक विचारों को न रखें। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। जीवनसाथी का आपको भरपूर मात्रा में सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को किसी नए काम को करने का मौका मिल सकता है। आपको पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिलेगी, उन्हें कहीं बाहर नौकरी मिल सकती है।

कन्या- आज आप अपने कामो में कोई बदलाव न करें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। प्रॉपर्टी डीलिंग आप थोड़ा सोच समझकर करें। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। व्यवसाय कर रहे लोग कुछ अच्छा करने के लिए बिजनेस में अत्यधिक धन लगा सकते हैं। आपको अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर कार्य करने होंगे। अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी आप प्लानिंग करेंगे। माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। कारोबार में आप कुछ परिवार में किसी सदस्य का रिटायरमेंट होने से किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन होगा। जीवनसाथी की आपको कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अपनी वाणी की सौम्यता को बनाए रखना होगा। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपके ऊपर कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपको प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आप दबाव में आकर किसी काम को हां ना करें। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह आपको मिल सकती हैं। किसी यात्रा पर जाने की आप तैयारी करेंगे। आपका ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से चल रही अनबन भी दूर होगी। भाई बहनों से आपकी खूब पटेगी।

धनु- आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहेगा और कोई नई नौकरी का ऑफर आ सकता है। आप दोस्तों के साथ रहकर भी कुछ खोए खोए रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपकी संतान को परीक्षा में यदि कुछ समस्या थी, तो आप उन्हें भी दूर करने की कोशिश करेंगे। परिवार में आप लोगों की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। बिजनेस में आपकी कोई डील यदि अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है, जो आपको खुशी रहेगी। किसी नई प्रॉपर्टी की आप खरीदारी करेंगे। आपको जीवनसाथी से मिलजुलकर कोई इंवेस्टमेंट का प्लान बनाना होगा। आपके कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपको कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर मिलेगा। आपको बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद ही अच्छी सफलता मिलेगी। आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। प्रेम- सहयोग की भावना आपके मन में रहेगी। आप यदि ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से बातचीत करें, तो आप कोई भी ऐसी बात ना बोले, जो उन्हें बुरी लगेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन आप किसी के दबाव में आकर कोई निर्णय ना लें। आपको अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। संतान के लिए आप कोई नया वाहन लेकर आ सकते हैं। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए आप परिवार के सदस्यों से सोच विचार कर सकते है।

## महामुनि,महायोगी,महाज्ञानी आचार्य श्री विद्यासागर जी

सत्येंद्र जैन-विभूति फीचर्स

विश्व के महानतम संत,परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का तपस्वी और संयमित जीवन चरित्र,महामुनि,महामौनी,महाध्यानी, महान क्षमांकर,महाशील आदि भगवत गुणों से परिपूर्ण रहा है। उनके बारे में कहा जाता है कि-

महामुनिर्महामौनी,महाध्यानी महादमः ।
महाक्षमो महाशीलो,महायज्ञो महामखः ॥

आचार्य श्री का जन्म 10अक्टूबर 1946 को कर्नाटक राज्य के बेलगाँव जिले के सदलगा में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके बचपन का नाम विद्याधर था। घर में सभी उन्हें पीलू नाम से पुकारते थे।उनके पिता श्री मल्लप्पा अष्टगे और माता का नाम श्रीमती अष्टगे था। आचार्य विद्यासागर महाराज को 30 जून 1968 में अजमेर में 22 वर्ष की आयु में उनके गुरु आचार्य ज्ञानसागर महाराज ने मुनि दीक्षा प्रदान की। आचार्य विद्यासागर महाराज को 22 नवम्बर 1972 में उनके गुरु आचार्य ज्ञानसागर महाराज द्वारा आचार्य पद प्रदान किया गया।आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने 500 से अधिक मुनि, आर्यिका, ऐलक, क्षुल्लक दीक्षाएं दीं। उनके घर के सभी सदस्यों ने सन्यास धारण कर वीतराग पथ अपनाया है।

आचार्य विद्यासागर महाराज संस्कृत, प्राकृत,हिन्दी, मराठी, कन्नड़,अंग्रेजी,बंगाली भाषाओं में पारंगत रहे हैं। उनकी मातृभाषा कन्नड़ थी।उन्होंने हिन्दी और संस्कृत भाषा में अनेक रचनाएँ की हैं। सैकड़ों शोधार्थियों द्वारा उनके जीवन चरित्र और कृतित्व पर मास्टर्स और डॉक्ट्रेट उपाधि प्राप्त करने के लिए अध्ययन किया है।

उन्होंने महान काव्य मूकमाटी की रचना की है। मूकमाटी रूपक कथा-काव्य, अध्यात्म, दर्शन व युग-चेतना का संगम है। संस्कृति, जन और भूमि की महत्ता को स्थापित करते हुए आचार्यश्री ने इस महाकाव्य के माध्यम से राष्ट्रीय अस्मिता को पुनर्जीवित करने का दिव्य कार्य किया है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में यह स्नातकोत्तर उपाधि के हिन्दी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है। उनकी रचनाओं में निरंजना शतक, भावना शतक, परीषह जया शतक, सुनीति शतक और श्रमण शतक आदि सम्मिलित हैं।उनकी सिंह नाम की कविता को कई शैक्षणिक संस्थानों ने अपने पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है। उन्होंने नर्मदा का नरम कंकर, तुम डूबों मत लगाओ डुबकी, तोता क्यों रोता, शारदा स्तुति आदि कई पुस्तकें लिखी हैं।

**आदर्श समाज सुधारक-** आचार्य विद्यासागर जी ने अपने जीवनकाल के दौरान अनेक सामाजिक प्रकल्पों को संचालित करने के लिए समाज को प्रेरित किया। गौ रक्षा एवं गौ सेवा के लिए गौशाला की स्थापना पर बल दिया ।उनके आह्वान एवं दिव्य मार्गदर्शन से अनेक राज्यों के अनेक स्थानों पर गौमाता की सेवा अनेक गौशालाओं के माध्यम से हो रही है। गौ उत्पाद एवं आयुर्वेदिक औषधियों का प्रसंस्करण एवं विक्रय किया जा रहा है। जीवदया के अनेक प्रकल्प संचालित हैं। मातृभाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने का आह्वान वह सदैव करते रहे। बालिका शिक्षा पर विशेष बल देते हुए अनेक स्थानों पर उच्चकोटि के शिक्षण संस्थानों का कुशल संचालन किया जा रहा है।भारतीय लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में प्रतियोगियों को सफल होने के लिए प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित हैं।भोपाल में अनुशासन संस्था यह कार्य कुशलता पूर्वक निष्पादित कर रही है। स्वदेशी को प्रोत्साहित कर अनेक स्थानों पर हथकरघा केंद्र स्थापित किए गए हैं।रोजगार सृजित हो रहा है।उद्यमिता को भी प्रोत्साहित किया है।श्रमदान ब्रांड नाम से अनेक स्थानों पर वस्त्र विक्रय केंद्र संचालित हैं। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जीवन पर्यंत सदैव देश को इंडिया नहीं भारत बोलो पर जोर देते रहे।वर्तमान में प्रयागराज में महाकुंभ में भी शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आचार्य विद्या सागर महाराज के दिव्य संकल्प पर विमर्श सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में ख्यातिलब्ध विद्वान सम्मिलित हो रहे हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज ने सदैव आह्वान किया कि जैन समाज के संपन्न लोग,दो गरीब बच्चों को गोद लेकर उन्हें पढ़ाएं।उन्होंने बल दिया कि पर्यावरण की सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। विश्व को उनका तपस्वी जीवन पर्यावरण में शून्य कार्बन उत्सर्जन की प्रेरणा देता है। उनका जीवन जीरो कार्बन फुट प्रिंट की अमिट छाप छोड़ता है।उनका आह्वान रहा कि दूसरों की भलाई के लिए सुखों का त्याग ही सच्ची सेवा है। उन्होंने समाज को सीख दी कि जीवन म दो सूत्रों अहिंसा, जियो और जीने दो का अवश्य पालन करो। आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि माघ शुक्ल अष्टमी को डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़) के चन्द्रगिरि पर्वत पर हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आचार्य विद्या सागर महाराज से अत्यंत प्रभावित हैं। उनसे समय-समय पर मार्गदर्शन,आशीर्वाद प्राप्त करते थे।उन्होंने आचार्य विद्यासागर महाराज के विराट, महासागर रूपी व्यक्तित्व पर आलेख के माध्यम से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की थी। मुझे स्मरण है कि भाजपा के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गला रुंध गया था।आचार्य विद्यासागर महाराज विश्व के महान संत हैं। महानतम समाज सुधारक हैं। उनका सकल जीवन चरित्र अखिल विश्व की मानव समाज के लिए अनुकरणीय है।

## जीवन दर्शन

# भारतीय संस्कार बनाम पशिचमी जीवन शैली

संजीव ठाकुर

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था । धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे-धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता,बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा,नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए,और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे,तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था।

पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं



शोधकताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। भारतीय विद्वानों, शोधकताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा,बहु विवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरूआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खानपान, वेशभूषा,विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी। पश्चात दर्शन ने भारतीय संस्कृति में जीवंत एवं चरित्र को एक नया बदलाव दिया था। पाश्चात्य संस्कृति में धीरे-धीरे भारतीय रहन-सहन रीति-रिवाज प्रथाओं को प्रभावित किया। ड्रेसिंग सेंस, खान पान,बोलने चालने तथा अभिवादन के तरीकों में बड़े परिवर्तन हुए। वेस्टर्न पद्धति से संस्कृति शिक्षा विचारधाराओं ने भारत को दुनिया के राष्ट्रीय जीवन के संपर्क में ला खड़ा किया था। देश के अंदर विभिन्न अलग-अलग विचारधाराओं के समूहों को एक सांस्कृतिक समानता के मंच पर लाकर खड़ा किया। और इसी सांस्कृतिक समानता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता और राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी। विहंगम दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय परंपरा रीति रिवाज में महत्वपूर्ण सुधार लाने की एक नई पहल की थी। प्राचीन परंपराओं के फल स्वरुप भारतीय जनमानस को रीति-रिवाजों एवं पाखंडी पन ने जीवन में जंजीर बनकर जकड़ रखा था। संस्कृति तथा कुप्रथाओं ने स्वतंत्र विचारों को मस्तिष्क में ही कैद कर लिया था ।एवं आमजन का जीना मुश्किल हो गया था। प्रभाव तथा कुरीतियों से सबसे ज्यादा सजा महिलाएं बालिकाएं तथा बच्चों को ही मिल रही थी। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन ने शिक्षा धर्म तथा आदर्शों के मूल्यों में सुधार लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। पाश्चात्य शिक्षा से अंधविश्वास के बदले बुद्धि विवेक और तर्क ने वैज्ञानिक विचारधारा के हिसाब से जीवन यापन करने की पद्धति से अवगत कराया था। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन के कारण ही भारत में ईसाई धर्म समाज की स्थापना हो पाई थी। ईसाइयत का भारत में जन्म अंग्रेजों के आने के बाद ही हुआ था। पाश्चात्य सभ्यता एवं शिक्षा से भारतीय महिलाओं पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा। उनकी शिक्षा-दीक्षा रहन सहन तथा व्यवहार में काफी परिवर्तन आया तथा भारतीय महिलाओं ने खुली हवा में सांस लेने के अवसर भी तलाशना शुरू कर दिया था। और आज भारत में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। भारतीय जनमानस में पाश्चात्य सभ्यता का बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ा ।जीवन में विकास भी हुआ, और नागरिकों को नए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी साक्षात्कार हुआ। पर इसके साथ पाचल सभ्यता ने भारत को बहुत सारी विकृतियां भी प्रदान की है। जैसे स्त्रियों का खुलापन, नशे की खुली लत एवं महिलाओं तथा पुरुषों का वासनायुक्त खुला व्यवहार, अशोभनीय स्तर पर आ गया है। नशे की अधिकता,महिलाओं के खुले व्यवहार को देखकर आने वाली पीढ़ी की नैतिक शिक्षा में बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने वाला है। इसमें भारतीय शिक्षा पद्धति में भारतीय संस्कृति के दर्शन के अध्यापन की भी महती आवश्यकता है।

**एक नजर**

### स्वीप आमंत्रण रैली 7 फरवरी को

**कांकेर, 6 फरवरी।** नगर पालिका, नगर पंचायत व त्रि-स्तरीय ग्राम पंचायत निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला एवं विकासखंड मुख्यालय स्तर पर सभी अनुभाग अंतर्गत विकासखंड नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु ÷स्वीप आमंत्रण रैली÷ का आयोजन 07 फरवरी को प्रातः 10 बजे शासकीय नरहरदेव विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने जिला स्तरीय मुख्यालय में निवासरत अधिकारी कर्मचारियों, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, मेडिकल छात्र, कृषि कालेज छात्र, डाइट एवं बीएड कालेज के स्टाफ व छात्र छात्राओं को भाग लेने हेतु आमंत्रित किए है।यह रैली शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग मरीन ड्राईव, कचहरी चौक, मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैण्ड, कलेक्ट्रेट चौक में समाप्त होगी। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा शहर वासियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु आमंत्रण पत्र दिया जाएगा तथा उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

### जाबो कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को नई ईवीएम से दी मतदान प्रक्रिया की जानकारी

**महासमुंद 6 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह एवं रिटर्निंग ऑफिसर बागबाहरा के निर्देश पर नगर के वार्ड क्रमांक 10, 11, और 12 में ईवीएम मशीन का प्रचार-प्रसार किया गया। इस जागरूक वोटर्स (जाबो) कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को नई ईवीएम मशीन से मतदान करने की प्रक्रिया समझाई गई। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर भूपेंद्र निराला, मनीष अवसरिया एवं गजानंद दीवान बूथ लेवल ऑफिसर के साथ मिलकर मतदाताओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम में ईवीएम मशीन के उपयोग, मतदान प्रक्रिया एवं मतदान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। मतदाताओं को यह भी बताया गया कि अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए दो वोट डालने होते हैं और मतदान के दौरान पहली बटन दबाने पर छोटी बीप तथा दूसरी बटन दबाने पर लंबी बीप की आवाज आएगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि मतदान सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय मतदाता उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और नई ईवीएम मशीन की प्रक्रिया को समझने में रुचि दिखा रहे हैं। इस अवसर पर मतदाताओं से अपील की गई कि वे अपने मताधिकार का उपयोग करें और बागबाहरा नगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग दें।

# वार्ड क्रमांक-12 के कांग्रेस प्रत्याशी अंकित पारख का चुनाव प्रचार जोर-शोर से चल रहा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 6 फरवरी।** बस्तर संभाग में शहरी व ग्रामीण सरकार चुनने के लिए माहौल गरमा गया है। प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं को रिझा कर वोट मांग रहे हैं। कार्यकर्ता भी सघन जनसंपर्क में व्यस्त है। नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 12 से कांग्रेस के उम्मीदवार अंकित पारख जोर-जोर से प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता पूरे दम-खम से पारख को विजयी बनाने में लगे हैं. उनके समर्थन में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, प्रेमशंकर शुक्ला, गोपाल तिवारी, पिंटु सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार किया। कोशिश की जा रही है कि अंकित की जीत का अंक बढ़े। उनका नाम विजयी प्रत्याशी के रूप में अंकित हो।

### संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अधिकारी सजग होकर संपन्न करवाएं मतदानः कलेक्टर

**जगदलपुर 6 फरवरी।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र और पंचायत स्तर के संवेदनशील मतदान केंद्रों पर एसडीएम, पुलिस के अधिकारी, कार्यपालिक दंडाधिकारी और सेक्टर अधिकारी सजग होकर मतदान कार्य सम्पन्न करवाएंगे। इसके अलावा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन को सुनिश्चित करवाएं, साथ ही चुनाव प्रचार में उपयोग की जा रही लाउडस्पीकर का निर्धारित डेसीबल लेबल से अधिक होने पर संबंधितों को समझाइश दें और आवश्यकता के अनुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए (बैठक में कलेक्टर ने पंचायत निर्वाचन के स्ट्रांग रूम की व्यवस्था को समय पर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर आफिसर अपने दायित्व के प्रति सजग रहें ।

# भाजपा का अटल विश्वास पत्र जारी, नजूल भूमि के काबिजों को मिलेगा पट्टाःचंद्रशेखर साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 6 फरवरी।** आगामी निकाय चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र जारी किया। बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने घोषणा पत्र की प्रमुख बिंदुओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर नजूल भूमि में काबिज लोगों को पट्टा दिया जाएगा और उन्हें आवास निर्माण की प्राथमिकता मिलेगी। इसके लिए उनके पास बिजली बिल और समेकित कर की रसीद होना अनिवार्य होगापूर्व मंत्री साहू ने बताया कि महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर 25त्न कर छूट और 7 तारीख से पहले कर भुगतान करने वालों को 10त्न की छूट दी जाएगी।

महिलाओं के लिए खास पहल- बाजार क्षेत्रों में पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे। विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई और छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएंगे।



**स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने बर्तन बैंक की स्थापना होगी**

स्ट्रीट वेंडर्स को सहारा ठेले-गुमटी वालों को 30,000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी, साथ ही स्मार्ट वेडिंग जोन और फूड स्ट्रीट बनाए जाएंगे।भाजपा ने नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं- हर घर को हरा और नीला कचरा डस्टबिन दिया जाएगा।रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था लागू होगी।नए जल टैंक बनाए जाएंगे।पार्किंग समाधान- दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग सुविधा विकसित होगी।नालंदा मॉडल पर आधारित लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। नगर में ऑक्सीजन जोन और वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी।प्रेस भवन में सुविधाओं का विस्तार और पुस्तकालय की स्थापना होगी।चंद्रशेखर साहू ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में किए गए वादे अधूरे ही रह गए। उन्होंने कहा भाजपा ने जनता से किया भरोसे का वादाभाजपा ने अपने अटल विश्वास पत्र में जनता से तेज विकास, महिलाओं का सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार और गरीबों को आवास देने का संकल्प लिया है। पार्टी का दावा है कि भाजपा की सरकार आने पर नगर के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता मिलेगी।

# थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय 2 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में मिली पुलिस को सफलता




**सुकमा,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य नक्सली उपस्थित की आसूचना पर दिनांक 03.02.2025 को थाना चिंतागुफा से जिला एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन एवं नक्सल आरोपी की धरपकड़ हेतु ग्राम ताड़मेटला व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम ताड़मेटला के जंगल पहाड़ पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर छिपने/भागने लगे, जिन्हें पुलिस द्वारा घेराबंदी कर 02 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः 01. सोड़ी दुला पिता नंदा (दुलेड़ आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष) उम्र लगभग 35 वर्ष लगभग 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी ताड़मेटला स्कूलपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा (छग0), 02. माड़वी बुधरा पिता स्व. कोसा (दुलेड़ आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी ताड़मेटला गोण्डेपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा (छग0) का होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताये। पकडे गये आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ वर्ष 2023 में थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत मिनपा-अरबराजमेटा पहाड़ी में आईईडी प्लांट करना, उक्त आईईडी की चपेट में आने से 01 जवान घायल होने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ रहना स्वीकार किया गया। घटना के संबंध में थाना चिंतागुफा में अपराध क्रमांक 12/2023 धारा 307, 120 (बी) भादवि. 3, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पूर्व से प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त नक्सली आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 03.02.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 04.02.2025 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में थाना चिंतागुफा, डीआरजी एवं रेंज फिल्ड टीम (आरएफटी कोंटा), 218 वाहिनी सीआरपीएफ कार्मिकों की रही विशेष भूमिका। गिरफ्तार सभी नक्सल आरोपी उक्त घटना के अतिरिक्त जिले में घटित विभिन्न नक्सली घटना में शामिल रहे है।

# नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा संपन्न

**सुकमा,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत नाम निर्देशन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आज संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। जिला पंचायत के लिए संवीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु कुल 44 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया, जिनकी विधिवत संवीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों की गहन जांच की गई। संवीक्षा प्रक्रिया में रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डॉ संध्या रानी कुर्रे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 06 फरवरी 2025 को अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसके पश्चात, उसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी तथा चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगाइसके अतिरिक्त, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में जिला पंचायत एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय में रंगोली के माध्यम से मताधिकार के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, जिससे अधिकाधिक मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित हो सकें।

# कलेक्टर ने किया कटेकल्याण क्षेत्र का दौरा किया



**दंतेवाड़ा, 6 फरवरी।** आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा कटेकल्याण ब्लॉक के बेंगलुर, परचेली, चिकपाल, गाटम और कटेकल्याण ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर क्षेत्र के शालाओं और पोटा केबिन में दी जा रही सुविधाओं और पढ़ाई की व्यवस्था की जानकारी ली गई, और बताए गए समस्याओं का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया इस क्रम में उन्होंने यहां प्रगतिरत कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। जिसमें कलेक्टर सर्वप्रथम ग्राम पंचायत बेंगलुर पहुंचे यहां उन्होंने एकलव्य विद्यालय हेतु चिन्हांकित जगह का निरीक्षण किया और तत्पश्चात बेंगलुरु में ही पोटा केबिन का निरीक्षण कर प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली गई एवं पढ़ाई कर रहे बच्चों से वार्तालाप करके पोटा केबिन में दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा इसके साथ ही उन्होंने, पोटा केबिन में ही बीच के खाली पड़े जमीन को समतलीकरण करने हेतु जनपद सीईओ को निर्देशित किया। तत्पश्चात उन्होंने ग्राम परचेली में संचालित डीएव्ही स्कूल का निरीक्षण कर वहां के समस्याओं से अवगत हुए व उन्हें तत्काल निराकरण हेतु लोक निर्माण विभाग व जनपद सीईओ को निर्देश दिए, और ग्राम पर चेली में ही पंचायत चुनाव हेतु तैयार किये गए मतदान केंद्र का उनके द्वारा जायजा लिया गया।इसके साथ ही परचेली में ही कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों तुलाराम और कुंबवती के निर्माणाधीन आवास को निरीक्षण किया, अपने निरीक्षण भ्रमण में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत चिकपाल में ग्राम मुनगा होते हुए प्रतापगिरी तक बनाए जा रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का भी निरीक्षण किया और उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत कटेकल्याण में नवनिर्मित पुस्तकालय और व्यायाम शाला का निरीक्षण किया गया ।

### कटेकल्याण के 671 पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 6 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक श्री अरविन्द शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 671 मतदान एवं पीठासीन अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारी-एक को मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया सम्बन्धी प्रशिक्षण के तहत जानकारी दी गई कि ग्रामीण निकाय निर्वाचनों में प्रत्येक मतदानों पर चार पदों के लिए मतदान होता है जिसमें अलग-अलग रंगों के समपत्रों से मतदान होता है यथा- सदस्य जिला पंचायत के लिए (गुलाबी), सदस्य जनपद पंचायत के लिए (पीला), सरपंच, ग्राम पंचायत के लिए (नीला), पंच ग्राम पंचायत के लिए (सफेद) रंग निर्धारित है।

# राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**कांकेर, 6 फरवरी।** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र पखांजूर एवं केन्द्रीय नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एन.पी.एस.एस.) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र रायपुर के उपसंचालक डॉ. नीरज कुमार सिंह ने बताया कि कृषि आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी मोबाइल के माध्यम से गांव से लेकर जिला एवं राज्य स्तर तक कृषि के हानिकारक कीट व्याधियों के बारे में पहचान कर उसका एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन कृषि में होने वाली अतिरिक्त व्यय को कम किया जा सकता है, जिससे कृषकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। साथ ही उनके द्वारा केन्द्रीय कृषि मंत्रालय के कार्य प्रणाली का विस्तार से महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित रोजगार के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा डॉ. रीता सिंगरे द्वारा केन्द्रीय कृषि मंत्रालय का मोबाइल एप राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली का विद्यार्थियों के मोबाइल में एप डाउनलोड करने के संबंध में जानकारी दी गई।कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एन.के. रस्तोगी ने कहा कि एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के माध्यम से जहर मुक्त खेती की परिकल्पना की जा सकती है। कृषि में रसायनों के अंधाधुध उपयोग से मित्र कीटों का विनाश हो ही रहा है। साथ ही वातावरण, भूमि, पानी एवं अनाज भी दूषित हो रही है, जिससे कृषि के हानिकारक कीटों में रसायनों को सहन करने की क्षमता 10 गुणा बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि अधिक समय तक प्रभाव छोड़ने वाले रसायनों का प्रयोग भी कृषि में किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप मनुष्यों एवं पशुधन मे कई नई प्रकार के रोग व्याधि उत्पन्न हो रहे है। प्राकृतिक एवं कार्बनिक खेती करने से आने वाली पीढ़ी को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में सह प्राध्यापक एवं सचिव डॉ. पीयूष कांत नेताम ने भी राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एन.पी.एस.एस.) के महत्व एवं विविधाओं के बारे में कृषकों को जानकारी दी। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापक सहित अधिष्ठाता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सुविधा केन्द्र में शासकीय कर्मचारी, वाहन चालक, सुरक्षा बल 6,7 एवं 8 जनवरी को करेंगे मतदान

**दंतेवाड़ा, 6 फरवरी ।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका स्थानीय निर्वाचन 2025 के परिपेक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत नगरीय निकाय में कार्यरत ऐसे शासकीय कर्मचारी, सुरक्षा बल के जवान, वाहन चालक जो उक्त नगरीय निकाय के मतदाता है एवं मतदान दिवस के दिन निर्वाचन ड्यूटी में तैनात होने के कारण अपने मत से वंचित हो जाएंगे ऐसे मतदाताओं के लिए निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र का प्रावधान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के माध्यम से मतदान सुनिश्चित करने हेतु सुविधा केन्द्र की स्थापना जिला कार्यालय के भूतल स्थित कक्ष क्रमांक जी-05 में 06,07 एवं 08 जनवरी 2025 को प्रातः समय 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में नगरीय निकाय हेतु अध्यक्ष पद के मतपत्र एवं पार्षद पद के वार्डवार मतपत्र उपलब्ध कराए गए है।

# कलेक्टर ने किया कटेकल्याण,दंतेवाड़ा, गीदम, बचेली किरंदुल, बारसूर के बाजारों में ईवीएम का प्रदर्शन

**दंतेवाड़ा, 6 फरवरी।** नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के तहत मतदान प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्रदर्शन के माध्यम से मतदाता न केवल मतदान के प्रति जागरूक हो रहे है बल्कि उनका कहना है कि वे पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगें। मतदान दल भी पूरे उत्साह के साथ मतदाताओं को ईव्हीएम के उपयोग में किसी भी प्रकार की उलझन से बचने के लिए उन्हें सही जानकारी दे रहे है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जाबो के तहत मतदाताओं को मतदान का महत्व बताने के साथ ही उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। चूंकि नगरीय निकायों में मतदान ई.व्ही.एम. मशीन से किया जाना है।अतः इस जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आज 05 फरवरी 2025 को नगर पालिका दंतेवाड़ा में साप्ताहिक बाजार व नगर पालिका ऑफिस वार्ड न0 6, नगर पालिका बचेली में साप्ताहिक बाजार, नगर पालिका किरंदूल में साप्ताहिक बाजार व रामपुर कैंप, नगर पंचायत गीदम में साप्ताहिक बाजार व फूलपदर प्रेम पारा, नगर पंचायत बारसूर में वार्ड क्रमांक 05 में शा0 उचित मूल्य के दुकान के समीप, सांस्कृतिक भवन एवं वार्ड क्रमांक 10 में नया पारा, चालकी पारा एवं शहीद चौक में मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.व्ही.एम.) मशीन से वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदाताओं को बताया गया कि नगरीय निकायों में चुनाव के लिए ईव्हीएम. के ऊपर के हिस्से में सफेद लेबल पर अध्यक्ष के प्रत्याशियों का नाम अंकित होगा और निचले हिस्से पर गुलाबी लेबल पार्षद पद के प्रत्याशियों का नाम अंकित होगा। मतदाता को दो बार बटन दबाकर मतदान करना होगा। एक बार अध्यक्ष पद के लिए अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने बटन को दबाकर मतदान करना होगा पुष्टि के लिये बीप की छोटी आवाज आएगी फिर दूसरी बार पार्षद पद के लिये गुलाबी लेबल में अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करेंगें। पुष्टि के लिये बीप की लंबी आवाज आएगी। इस तरह मतदान अंततः सम्पन्न होगा।



### महिला अधिवक्ता से 41 लाख की ठगी

**भिलाई, 6 फरवरी।** भिलाई नकली सीबीआई का अधिकारी बनकर महिला अधिवक्ता से 41 लाख रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि महिला अधिवक्ता के मोबाइल पर वीडियों कॉल आया था महिला को कॉल करने वाला सवयं को दिल्ली का सीबीआई अफसर बनकर बात कर रहा था महिला का झांसा दिया कि उनके नाम से आरबीआई में 140 खाता संदीप नाम के युवक ने खोला है जिसमें आरबीआई में 8.7 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुआ है मामले को दबाने के लिए 41 लाख रुपए का डिमांड किया गया परेशान महिला अधिवक्ता ने अज्ञात को विभिन्न किस्तों में रुपए देती रही जब असलियत का पता चला तो शिकायत करने पुलिस थाने पहुंच गई फिलहाल आरोपी के बारे में कोई जानकारी हासिल नहीं हो पाई है को लेकर जांच में जुटे हुए है।

# मतदाताओं का उत्साह बता रहा है कि शहर में सुशासन का कमल खिलने वाला है:संजय पाण्डे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,6 फरवरी।** निकाय चुनाव के लिये गिनती के दिन ही शेष हैं। राजनीतिक पार्टियां प्रचार-प्रसार में जोरों से जुट चुकीं हैं। इस बीच जनसंपर्क के दौरान भाजपा महापौर एवं पार्षद प्रत्याशियों को वार्डवासियों का अपार समर्थन मिल रहा है। पार्षद से भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी तक का सफर तय कर रहे संजय पाण्डे को जनता का भरपूर आशीर्वाद भी मिल रहा है। जिसके बाद संजय पाण्डे ने डोर-टू-डोर संपर्क अभियान और भी तेज कर दिया है और वार्डवासियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। जहां बैठकों में वार्डवासी भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं।

#### वाहे गुरु जी दा खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह

प्रचार शुरू करने से पहले शहर के नया बस स्टैण्ड समीप स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी 'संजय पाण्डे' ने सिख समाज के परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात की, गुरुद्वारा में मत्था टेका एवं जगदलपुरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही परिवारजनों के साथ प्रसाद भी ग्रहण किया।

इस अवसर पर महापौर प्रत्याशी 'संजय पाण्डे' ने कहा कि सिख समाज के धर्म गुरूओं का जीवन त्याग, वीरता और मानवता की सेवा का प्रतीक है। आइए, हम सब उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प करें और धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का प्रण लें।

#### महापौर प्रत्याशी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से लिया मार्गदर्शन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से भाजपा प्रत्याशी संजय पाण्डे ने मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आगामी नगरीय विकाय चुनाव में सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार-प्रसार करने एवं शहर के विकास में भाजपा सरकार के काम-काजों को हर अंतिम व्यक्ति तक प्रसारित करने की बात कहते हुए जीत का मंत्र भी दिया।

#### वन-टू-वन सात वार्डों में चलाया जनसंपर्क अभियान

भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी संजय पांडे ने बुधवार को शहर के शांति नगर वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, शहीद गुण्डाधुर वार्ड, राजीव गांधी वार्ड, सुंदरलाल वार्ड, संजय गांधी वार्ड एवं जवाहर नगर वार्ड में जनसंपर्क कर आमजन से भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि पूरे शहर के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग भाजपा प्रत्याशी को जीताकर नगर में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सुशासन वाली सरकार बनाने को लेकर उत्साहित हैं।

#### विभिन्न वार्डों में भाजपा ने की नुक्कड़ सभाएँ

भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी संजय पांडे ने शहर के शांति नगर वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, शहीद गुण्डाधुर वार्ड, राजीव गांधी वार्ड, सुंदरलाल वार्ड, संजय गांधी वार्ड एवं जवाहर नगर वार्ड में आयोजित नुक्कड़ सभा में जनता को संबोधित कर भाजपा का विज़न एवं घोषणा पत्र में जारी वायदों के बारे में अवगत कराया एवं सुशासन की सरकार बनाने जगदलपुर नगर को ट्रिपल इंजन एवं सभी 48 वार्डों में चार इंजन की सरकार बनाने का आग्रह किया।

#### महापौर प्रत्याशी की पत्नी ने महिला मोर्चा के साथ झोंकी ऊर्जा

एक तरफ महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत लगा दी है, तो वहीं उनकी पत्नी रेखा पाण्डे ने भी महिला मोर्चा के साथ मिल कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में समर्थन जुटाने पूरी ऊर्जा झोंक दी है। जहां रेखा पाण्डे महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ मिलकर वन-टू-वन वार्डों का दौरा कर रही हैं। साथ ही हर अंतिम व्यक्ति से संवाद स्थापित कर संजय का शहर विकास रूपी विज़न बताते हुए भाजपा को जिताने की अपील कर रहीं है।

#### विभिन्न समाजों के साथ संजय कर रहे बैठकें

निकाय चुनाव को गिनती के दिन शेष हैं। ऐसे में महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे हर संभव प्रयास में जुटे हुए हैं। दिन-भर वार्डों में डोर-टू-डोर प्रचार करने के बाद संजय पाण्डे शाम से देर रात तक विभिन्न समाजों के साथ बैठकें कर अपने शहर के विकास के लिये तय विज़न को बता रहे हैं।

साथ ही भाजपा सरकार की घोषणा पत्र में जारी जनहितैषी वायदों से भी अवगत कर भाजपा प्रत्याशियों को प्रचण्ड मतों से जिताकर शहर में विकास का कमल खिलाने का आग्रह कर रहे हैं।

# अमितेश ने 34 बिंदुओं का जन घोषणापत्र जारी कर जनता से कांग्रेस प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



गरियाबंद,6फरवरी। नगरीय निकाय चुनावों के लिए कॉन्ग्रेस ने अपनी नगरीय निकाय के घोषणा पत्र का पिटारा खोल दिया है। पूर्व राज्य में विधायक एवं प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल नगरी चुनाव में नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष गेंद लाल सिन्हा एवं पार्षद प्रत्याशियों को विजय बनाने की अपील करते हुए एक पत्रकार वार्ता में कहा विष्णु देव की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।पालिका में अगर कॉन्ग्रेस की सरकार बनती है तो शहर में मृतप्राय हो चुके तालाबों को न केवल जिंदा किया जाएगा, बल्कि उन्हें संवारा भी जाएगा। महिलाओं के लिए खास चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो।सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन मुफ्त मुहैया कराने के साथ उन्होंने बीपीएल कार्ड धारक परिवारों को मिलने वाली श्रद्धांजलि राशि बढ़ाकर 5 हजार करने की बात भी कही मकान आवंटन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाते हुए सभी आवासहीनों को घर देंगे।प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कीजाएगी।प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिएनिशुल्क और सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी खोली जाएगी। सभी सरकारी और आत्मानंद स्कूलों में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।सार्वजनिक स्थानों पर वाई-फाई की सुविधा। युवती-महिलाओं को मुफ्त सेनेटरी नैपकीन। शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने पौधरोपण को बढ़ावा, जल संरक्षण पर जोर देंगे।महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों उपलब्ध कराये जायेंगेजाएगी। निकाय अध्यक्षों को अधिकारवापस मिलेंगे। सामुदायिक भवनों की मुफ्त बुकिंगव्यवस्था, श्रमिकों को भूमिहीन भूमि पर अधिकार देंगे। बुजुर्गों, दिव्यांगों और निराश्रितों के लिए पेंशन सुविधाओं की योजना को भी प्राथमिकता देंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी गेंद लाल की अमितेश ने की तारीफ-इस पर शुक्ल का कहना था कि गेंदलाल धार्मिकऔर सामाजिक कार्यक्रमों से हमेशा जुड़े रहे हैं।लोगों से मिलनसार होने के साथ वे जनहित के मुद्दों पर जुझारू भी हैं। नगर के विकास के लिए वेसमर्पित रहे हैं, इसीलिए पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी चुना है।इस दौरान शुक्ल ने पार्टी की कई प्रमुख योजनाएंगिनाईं, जो कॉन्ग्रेस की जीत पर शहर की जनताको सौगात के रूप में मिलेंगी। आप भी जानिए.महिला सुरक्षा के मद्देनजर शहर में सीसीटीवी से निगरानी की व्यवस्था दुरुस्त करेंगे। खासतौर पर स्कूल, कॉलेजों के साथ प्रमुख चौक-चौराहों के आसपास।ऑटो रिक्शा और ई-रिकशा के लिए पार्किंग और चार्जिंग की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी।किया जाएगा।अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाएंगे।संपत्तिकर, समेकितकर, और जल उपभोक्ता शुल्क का भुगतान घर बैठे किया जा सकेगा।ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा महीनों में उपलब्ध कराई जाएगी। मकान आवंटन प्रक्रिया को सरल और पारदरशी बनाते हुए सभी आवासहीनों को देग आ्वास देगें। पूर्व मंत्री शुक्ल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुएकहा कि इनकी सरकार में केवल भ्रष्टाचार होताहै।आज भी आचार संहिता लागू होने के बाद माफिया खुलेआम नदी से रेत चुरा रहे हैं। प्रशासन केवल मूकदर्शक बने बैठा है। कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## एक नजर

### कोसरिया मरार पटेल समाज ने मनाई मां शाकंभरी जयंती



महासमुंद,6 फरवरी। ग्राम नांदगांव में कोसरिया मरार पटेल समाज ने सोमवार को समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी की जयंती मनाई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं, बच्चों एवं पुरूषों ने माता के जयकारों के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा पटेल समाज भवन से निकली और गांव भ्रमण के साथ सब्जियों का वितरण किया गया। समाज के प्रमुखों ने इस दौरान माता शाकंभरी की उत्पत्ति की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुखों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में मां शाकंभरी देवी को मां दुर्गा का अवतार माना जाता है। पौष माह की पूर्णिमा तिथि को शाकंभरी जयंती मनाई जाती है। मां शाकंभरी देवी को 'शाकाहार की देवी'भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब धरती पर भयंकर अकाल पड़ा था, तो मां शाकंभरी ने अपने भक्तों को सब्जियां और फल प्रदान कर उनके जीवन की रक्षा की थी। इसी वजह से शाकंभरी देवी कहा जाता है। जयंती अवसर पर मुख्य रूप प्रेम चंद्राकर, पवन पटेल, श्याम साकरकर, संदीप घोष, अरुण साहू, योगेश पप्पू पटेल, रामकुमार पटेल, गजेंद्र पटेल, दसरू पटेल, बिहारी पटेल, लक्ष्मीनाथ पटेल, यादराम पटेल, हरीराम पटेल, दीनू पटेल, दमेंद्र पटेल, अनूप पटेल, पुरानिक पटेल आदि उपस्थित थे।

### भाजपा के बागी 6 साल के लिए निष्कासित

महासमुंद,6 फरवरी। नगरीय निकाय चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे बागियों पर भाजपा द्वारा कार्रवाई शुरू हो गई है। टिकट नहीं मिलने से नाराज अनेक दावेदारों ने अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव मैदान में कूद गए हैं। जिसके कारण राष्ट्रीय पार्टियों ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है।बहरहाल, भाजपा द्वारा बागियों को निष्कासित करने की कार्रवाई की गई है। कांग्रेस द्वारा भी एक-दो दिनों में कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। भाजपा ने महासमुंद नगर पालिका सहित जिले के बागबाहरा, सरायपाली व नपं तुमगांव में पार्टी से बगावत कर अध्यक्ष व पार्षद चुनाव लड़ रहे बागियों को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

**इन्हें किया गया निष्काषित** -महासमुंद में भाजपा के बागी अध्यक्ष प्रत्याशी प्रकाश चंद्राकर, तुमगांव नपं अध्यक्ष प्रत्याशी बलरामकांत साहू सहित पार्टी से बगावत कर पार्षद चुनाव लड़ रहे 27 बागियों का निष्कासन आदेश जारी किया है। इनमें महासमुंद के पार्षद प्रत्याशी श्रीमती लीलिमा साहू, राहुल चंद्राकर, नुतन कुर्रे, नोहर साहू, शांता गोपाल चंद्राकर, विक्की महानंद, ईश्वरी संजय भोई, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, श्रीमती प्रीति सोनी, बड़े मुन्ना देवार, विक्रम सिंह ठाकुर, विपिन शर्मा, कौशलेंद्र वैष्णव, घनाराम साहू, श्रीमती रामेश्वरी गोपी कन्नौजे, बागबाहरा नपा के पार्षद प्रत्याशी आशीष देवांगन, कुंवर सिंह मोंगरे, सरायपाली के बिहारी चौहान, खीरचंद बारी, नेतेश प्रधान, बंशी गोपाल चंद्रा, श्रीमती केकती चंदू जायसवाल, आशीष गोस्वामी, श्रीमती रश्मि साहू, श्रीमती राजकुमारी सिदार, श्रीमती राखी चौहान शामिल हैं। उक्त निलंबन आदेश आज भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने जारी किया है। बता दें कि उक्त निष्काषित भाजपाईयों में वे भी शामिल है जिन्होनें निष्कासन की तलवार चलने से पहले ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा सौंप चुके थे।

सेक्टर अधिकारियों तथा मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम कमिशनिंग का दिया गया प्रशिक्षण

फोटो..5, 6

रायगढ़, 6 अप्रैल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों तथा मास्टर ट्रेनर्स को आज जिला कार्यालय सभा कक्ष में अधिकारियों को उनके दायित्व एवं मतदान प्रक्रिया तथा ईवीएम मशीन की कमिशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर रवि राही, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी तथा नोडल अधिकारी निर्वाचन डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल ने सेक्टर अधिकारियों को उनके मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाएं, मतदान केंद्रों के पहुंच मार्ग, रूट चार्ट, आदर्श आचरण संहिता का सेक्टर क्षेत्र में पालन, मतदान दिवस के पूर्व दिवस पर मतदान दलों द्वारा सामग्री प्राप्त किए जाने, मतदान दलों के मतदान केंद्रों तक पहुंचकर मतदान पूर्व की तैयारी तथा मतदान दिवस के दिन सेक्टर अधिकारियों के महत्वपूर्ण दायित्वों का विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन उन्हें प्रत्येक 2 घंटे की रिपोर्टिंग रिटर्निंग अधिकारियों को मतदान प्रतिशत के संबंध में करनी होगी। मास्टर ट्रेनर श्री विकास सिन्हा एवं श्री अनिल गुप्ता ने सभी सेक्टर अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम मशीन के संचालन तथा कमिशनिंग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रवि राही ने सभी उपस्थित सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस पर वार्ड वार अतिरिक्त ईवीएम मशीन रखने तथा आवश्यकता पडऩे पर तत्काल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

तैयारी एवं व्यवस्थित संचालन के लिए संयुक्त कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़, 6 अप्रैल। नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तैयारी एवं व्यवस्थित संचालन हेतु पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। वर्तमान में संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही उन्हें रूट चार्ट, जोन का निर्धारण, सेक्टर अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, माईक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति, वाहन प्रभारी की नियुक्ति, मतदान दलों के परिवहन, प्रेक्षकों तथा सेक्टर अधिकारियों इत्यादि अधिग्रहित वाहनों के लिए पीओएल की व्यवस्था करना, वाहन व्यवस्था करना, लॉगबुक तैयार एवं संधारण करना, रूट चार्ट का अनुमोदन एवं पीएलओ

# चुनाव प्रचार-प्रसार कर रहे तीन डीजे व्हीकल जब्त

महासमुंद,6 फरवरी। नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत प्रचार-प्रसार में उपयोग किए जा रहे तीन डीजे वाहनों को जब्त कर महासमुंद थाने में रखा गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी एवं नायब तहसीलदार द्वारा यह कार्रवाई की गई। जब्त किए गए वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति ली गई है। परंतु, आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि लाउडस्पीकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग के लिए सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के अनुक्रम में अनुमति दी गई है। वर्तमान में किसी भी वाहन में डीजे लगाकर ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति नहीं दी गई है। इस तारतम्य में नगर पालिका महासमुंद अध्यक्ष पद के लिए एक अभ्यर्थी का प्रचार-प्रसार कर रहे वाहन सीजी-06, जीएच 3747, भाजपा अभ्यर्थी के प्रचार-प्रसार में लगे वाहन सीजी-06, जीवाई 6045 तथा निर्दलीय प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग वाहन सीजी-06, जीवाई 0478 को जब्त कर महासमुंद थाने में रखा गया है। कलेक्टर ने नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार चुनाव प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र उपयोग की अनुमति 01 फरवरी 2025 से 09 फरवरी 2025 तक निम्नलिखित शर्तों के अधीन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया है। जिसके अंतर्गत वर्तमान में नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के तहत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है, जिसका पूर्णतः पालन किया जाना आवश्यक होगा। लाउड स्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र या अन्य ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्र का उपयोग सार्वजनिक स्थानों पर किया जा रहा हो तो उसकी सीमा उस क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाने से 10 डीबी (ए) से अधिक नहीं होगा या 75 डीबी (ए) से अधिक नहीं होगा अथवा इनमे से जो भी कम है, उससे अधिक नहीं होगा। अस्पताल, शिक्षण संस्थायें, न्यायालय, आदि के कार्यालयीन अवधि के दौरान 100 मीटर की दूरी तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा पटाखों का उपयोग नहीं किया जाएगा। निर्वाचन प्रचार अभियान के लिए लाउडस्पीकर के उपयोग संबंधी जारी निर्देश के संबंध में लाउडस्पीकर का उपयोग समय रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे के मध्य नहीं किया जाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र की उपयोग के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा। इस अनुमति प्रत्रक की मूल प्रति आयोजक को, जब भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांगा जाए, प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। उक्त शर्तों का उल्लंघन पाए जाने की स्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग की सशर्त अनुमति स्वमेव निरस्त मानी जायेगी तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आयोजक की होगी। यदि मतदान 11 फरवरी 2025 को होना है तो चुनाव प्रचार 9 फरवरी 2025 की मध्य रात्रि (12 बजे) तक ही किया जा सकता है अर्थात 09 फरवरी 2025 की रात्रि 12 बजे के पश्चात कोई चुनाव प्रचार नहीं होगा। यहां यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि 09 फरवरी 2025 की रात्रि 10 बजे के पश्चात ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति नहीं होने के कारण रात्रि 10 बजे से 12 बजे के बीच होने वाले चुनाव प्रचार की अनुमति देते समय इन सभी प्रावधानों का ध्यान रखा जाए।



### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का किया गया रेण्डमाईजेशन

रायगढ़, 6 अप्रैल। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 हेतु प्रेक्षक श्री के.डी.कुंजाम, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर सभी रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहे।जिला कार्यालय के सृजन सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त ईवीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन किया गया। इस दौरान जिले के नगरीय निकायों के समस्त मतदान केन्द्रों के लिए मशीनों का रेण्डमाईजेशन किया गया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बताया कि जिले में 606 सीयू तथा 954 बीयू उपलब्ध है। नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं समस्त नगर पंचायत के कुल 141 वार्डों के 265 मतदान केन्द्रों के लिए 265 सीयू तथा 286 बीयू की आवश्यकता होगी। साथ ही रिजर्व सहित 584 सीयू एवं 655 बीयू उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# सुरेश को जिताइए, विकास हम करेंगे:सीएम साय

रायगढ़, 6 अप्रैल। बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शहर में रोड शो का आयोजन हुआ। जैसे ही सीएम साय वार्ड क्रमांक 19 के अग्रसेन चौक पहुंचे वहां रोड शो रोक दिया और यहां के प्रत्याशी पूर्व सभापति सुरेश गोयल को जिताने के लिए लोगों से अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री के काफिले पर वार्ड के लोगों ने पुष्पवर्षा की, कार्यकर्ताओं रोड शो का भव्य स्वागत किया गया। सुरेश गोयल द्वारा सभी को भगवा गमछा पहनाया गया। वार्ड 19 के वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से मंच बना था जहां से उन्होंने सीएम साय का अभिवादन किया और उन्होंने भी उनका आशीर्वाद लिया। सीएम साय ने कहा कि महापौर के प्रत्याशी जीवर्धन चौहान और पार्षद पद के प्रत्याशी सुरेश गोयल को मैं बहुत पहले से जानता हूं। सुरेश जी 35 साल से पार्टी की निस्वार्थ सेवा करते आ रहे हैं साथ वे आमजन की भी सेवा करते आ रहे हैं। अब समय आ गया है आप उन्हें जिताएं बाकी विकास का कार्य हम करेंगे। शहर सरकार बनने पर हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार रायगढ़ का अभूतपूर्व विकास करेंगे। आप अपने वार्ड से सुरेश गोयल जी को जिताएं बाकी काम हमारा है। आपके लाडले विधायक ओपी चौधरी जी जो सूबे के वित्त मंत्री भी हैं वो भी पूरा प्रयास कर रहे हैं। 11 तारीख को कमल छाप पर वोट दें और ट्रिपल इंजन की सरकार बनाए। रायगढ़ मेरा घर है आपने जैसे मुझे 20 साल तक आशीर्वाद देकर अपन सांसद बनाया वैसे अपने आशीर्वाद से सुरेश गोयल जी को जिताएं।




**शहर के बेटे सुरेश को मिल रहा सभी का आशीर्वाद**-रोड शो के बाद सुरेश गोयल ने सभी लोगों को जूस पिलाया और वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन किया। सुरेश ने कहा कि वार्डवार उनका सघन जनसंपर्क अभियान जारी है। मैं इस वार्ड का बेटाए भाईए चाचा हूं इस होने के नाते सभी लोगों का आशीर्वाद मिल रहा है। बड़ों का आशीर्वाद ले रहा और छोटों से प्यार मिल रहा। मेरी 35 साल की राजनीतिक तप का फल मानों मुझे आज तब मिल रहा है जब इसकी मुझे सबसे ज्यादा जरूरत है। समाज सेवा और लोगों के लिए सदैव सुलभ रहने के कारण आज सभी का आशीर्वाद मिल रहा है। 35 साल साल से लगातार सामाजिक कार्य करते रहने के कारण सुरेश को शहर का बेटा कहा जाता है जिसे वार्ड के साथ ही पूरे शहर के कल्याण की सदैव चिंता रहती है।

**रोड शो ने कांग्रेस की निकाल दी हवा**-विदित हो कि वार्ड 19 में सुरेश गोयल के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपना पूरा जोर लगा दिया था पर सुरेश गोयल के डोर.टू.डोर पहुंचने और आज सीएम साय के उनके वार्ड में रूककर सुरेश गोयल के लिए अपील ने एकदम से हवा का रूख मोड़ दिया। जो थोड़ी बहुत भी कांग्रेस की हवा थी उसने भी अब अपनी दिशा बदल दी है।

# विधायक विक्रम मंडावी ने कहा-भाजपा बताए, क्या गरीबों को चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं है ?



बीजापुर,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने बुधवार को प्रेस क्लब भवन बीजापुर में प्रेस वार्ता कर कहा कि बीते 4 फरवरी 2025 को पूर्व मंत्री महेश गागडा एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष घासीराम नाग के द्वारा प्रेस वार्ता कर कलेक्टर बीजापुर को एक पत्र लिखा गया था। जिसमें उन्होंने विधायक विक्रम मंडावी के नाम का उल्लेख करते हुए कहा कि विधायक विक्रम मंडावी के द्वारा नगरीय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में लोगों को भयादोहन किया जा रहा है। जिस पर प्रेस वार्ता के माध्यम से विधायक विक्रम मंडावी ने महेश गागड़ा जी से पूछते हुए कहा कि चुनावों में विक्रम मंडावी लोगों को कैसे भयादोहन कर रहा है इसके बारे में भाजपा नेता प्रमाणिक तथ्यों के साथ जनता को बताए। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि भाजपा नेता महेश गागड़ा और भाजपा के जिला अध्यक्ष के पास ऐसा कोई प्रमाण नहीं है ये लोग सिर्फ चुनावों में हार के डर से बचने के लिए घटिया राजनीति कर रहे हैं।

विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के द्वारा यह कहना कि वर्तमान में जो पंचायत चुनाव हो रहे हैं उसमें गंगालूर क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य के अभ्यर्थी सोमलू हेमला को भी नक्सली से जोड़कर नक्सली पर्चा दिखाते हुए सोमलू हेमला को नक्सल समर्थक कहा जा रहा है।जो कि चुनावों को प्रभावित करने के लिए सरासर झूठ, भ्रम और अफ़वाह फैलाने का काम महेश गागड़ा और भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग कर रहे हैं। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि हम लोग डॉक्टर बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी के संविधान को मानने वाले लोग हैं देश के संविधान और लोकतंत्र पर हम विश्वास करते हैं। लेकिन एक ग़रीब व्यक्ति जिसके घर को साजिस करके तोड़ा गया वो व्यक्ति लोकतंत्र के महान पर्व में चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि जब घर तोड़ा गया था तब यही भाजपा के जिला अध्यक्ष घासीराम नाग सहित तमाम भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने गंगालूर पहुंचकर सोमलू हेमला को न्याय दिलवाने की मांग करते हुए गंगालूर में धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम किया गया और फिर वही सोमलू हेमला न्याय की मांग करते हुए चुनाव लड़ने का फ़ैसला करता है, तो अब सोमलू हेमला भाजपा नेता महेश गागड़ा, जिला अध्यक्ष घासीराम और तमाम भाजपा नेताओं की नज़रों में नक्सली समर्थक हो जाता है। विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा नेताओं से सवाल पूछते हुए कहा कि लोकतंत्र में विश्वास रखने हुए क्या एक ग़रीब, पीड़ित व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता ? क्या ग़रीबों को चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं है?

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा कभी ग़रीब, शोषित, वंचित व्यक्तियों के साथ खड़ी नहीं रही ये सच्चाई आज लोगों के बीच दिख गया। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के द्वारा यह कहना कि कांग्रेस में अपराधी व्यक्ति चुनाव लड़ रहे है ? इस पर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा महेश गागड़ा और भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कि वे कौन कौन व्यक्ति है जो कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे है उनका नाम वे सार्वजनिक करें। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है यदि उसे माननीय न्यायालय ने दोष मुक्त कर दिया हो। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में महेश गागड़ा को नसीहत देते हुए कहा कि वे पहले अपने पार्टी को देखे और फिर अपने आप को देखें। महेश गागड़ा खुद 302 के प्रकरण में जेल गए। प्रेस वार्ता में विधायक ने कहा बीजापुर के एक हिस्ट्रीशीटर, जिलाबदर जिसे लोग ब्लैक मैलर भी कहते हैं उनके साथ महेश गागड़ा का क्या संबंध है जो कि पूर्व मंत्री महेश गागड़ा जी के साथ सार्वजनिक तौर पर हर जगह उनके साथ घूमते रहता है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा और भाजपा के नेता महेश गागड़ा और उनके नेता सिर्फ और सिर्फ चुनावी हार और लोगों को बदनाम करने की नियत से किया गया काम है और कुछ नहीं। प्रेस वार्ता के दौरान जेसीसी (जे) के संभागीय उपाध्यक्ष विजय झड़ी, सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी, जिला पंचायत गंगालूर के अभ्यर्थी सोमलू हेमला और मंगू हेमला मौजूद रहे।

### नगरपालिका-त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

बीजापुर 6 फरवरी। नगरपालिकाओ, त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार जिला बीजापुर अन्तर्गत नगरपालिका परिषद् बीजापुर में 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार एवं जनपद पंचायत क्षेत्र बीजापुर में 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार, जनपद पंचायत क्षेत्र भोपालपटनम व उसूर में 20 फरवरी 2025 दिन गुरुवार तथा जनपद पंचायत क्षेत्र भैरमगढ़ में 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को मतदान संपन्न कराया जाएगा।

निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित शासकीय संस्थानों व कार्यालयों हेतु नगरपालिका परिषद् बीजापुर में 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार, जनपद पंचायत क्षेत्र बीजापुर में 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार एवं जनपद पंचायत क्षेत्र भोपालपटनम/उसूर में 20 फरवरी 2025 दिन गुरूवार को सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। जनपद पंचायत क्षेत्र भैरमगढ़ में मतदान हेतु नियत तिथि 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण अलग से सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित नहीं किया गया है।

### जिला पंचायत सदस्य पद के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की हुई संवीक्षा

बीजापुर 6 फरवरी। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 04 फरवरी को जिला पंचायत सदस्य के पदों के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा किया गया जिसमें सभी नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाया गया।

# सीएम विष्णु देव साय के रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब

रायगढ़, 6 अप्रैल। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायगढ़ में आयोजित विशाल रोड शो में शामिल हुए और जनता से महापौर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान और सभी वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयश्री दिलाने का आग्रह किया।

नगर के सत्ती गुड़ी चौक से प्रारम्भ हुए इस रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। रायगढ़ शहर की सडक़ों पर भगवा समंदर नजर आया। सडक़ों के दोनों ओर हाथ में कमल का झंडा थामे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनों द्वारा पुष्पवर्षा के माध्यम से रोड शो का जगह.जगह स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी जनता का अभिवादन स्वीकार किया।इस विशाल रोड शो का काफिला सत्ती गुड़ी चौक से प्रारम्भ होकर, घड़ी चौक, कोतवाली चौक, हटरी चौक से गुजरते हुए सुभाष चौक पहुंची, वहां से फिर रामनिवास चौक, गोपी टॉकीज रोड से आगे बढ़ते हुए शहीद चौक में समापन हुआ।सीएम साय ने रायगढ़ की जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मैंने लोकसभा में चार बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। आप सभी नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाएं, भाजपा के सभी पार्षद प्रत्याशियों को जिताएं, शहर के विकास की जिम्मेदारी आपके बेटे विष्णु देव साय की है। श्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र में हमने नगरीय निकाय क्षेत्रों के विकास के लिए जो घोषणाएं की हैं, वह विकास की गारंटी है। जिस तरह मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है, ठीक उसी तरह हम अटल विश्वास पत्र का एक-एक वादा पूरा करेंगे, ये हमारी गारंटी है। इसलिए रायगढ़ सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नगरीय निकायों में कई पीढियों से नजूल भूमि में मकान बनाकर रह रहे लोगों को उनके जमीन का मालिक बनाना है, इसके लिए नया कानून लाएंगे। शहरी क्षेत्रों में आने वाले समय में तीन लाख से अधिक पीएम आवास बनाएंगे। नगरीय क्षेत्र में रहने वाले, जो बिजली बिल, संपत्ति कर समय में पटाते हैं, उनको भी पीएम आवास का लाभ दिलाएंगे, 15 हजार मासिक आमदनी वाले, 5 एकड़ सिंचित और ढाई एकड़ असिंचित जमीन एवं दोपहिया वाहन वालों को पीएम आवास दिलाएंगे। महिलाओं के नाम से संपत्ति कर में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और जो 7 तारीख से पहले पटाते हैं उन्हें दस प्रतिशत की और छूट मिलेगी। नगरीय निकायों में आने वाले प्रत्येक बाजारों में माता-बहनों के सम्मान के लिए पिंक टॉयलेट बनाएंगे। अटल विश्वास पत्र के इन सभी वादों को हमारी सरकार पूरा करेगी।



रोड शो में कैबिनेट मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, महापौर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, आलोक सिंह, जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान, गुरुपाल भल्ला, विवेक रंजन सिन्हा, उमेश अग्रवाल, सुभाष पांडेय, सतीश बेहरा, अरुण कातोरे सहित अन्य वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### चाय से ज्यादा मीठी जीवर्धन भाई की जुबान और उनका व्यवहार है:सीएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जीवर्धन चौहान की चाय दुकान पहुंचकर न केवल स्वयं चाय बनाई, वरन सबके साथ चाय का आनंद लिया। जीवर्धन रायगढ़ नगर निगम से भाजपा के महापौर प्रत्याशी हैं। सीएम साय ने कहा चाय से ज्यादा मीठी जीवर्धन भाई की जुबान और उनका व्यवहार है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नगरीय निकाय चुनाव प्रचार अभियान के तहत आज रायगढ़ पहुंचे, जहाँ उन्होंने पांच किलोमीटर से ज्यादा रोड शो किया। जहाँ विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसके बाद श्री साय कैबिनेट के साथीए वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं कार्यकर्ताओं के हुजूम के साथ मिनीमाता चौक स्थित जीवर्धन चौहान की चाय दुकान पर पहुंचे। लोगों के आश्चर्य का उस समय ठिकाना न रहाए जब सीएम साय जीवर्धन की दुकान पर स्वयं चाय बनाने लगे। उन्होंने लोगों को चाय का वितरण भी किया और बोले एक साधारण से कार्यकर्ता की मेहनत का उचित सम्मान, यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। जिस प्रकार चाय बेचने वाले श्री नरेंद्र मोदी जी आज देश के प्रधानमंत्री और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैंए ठीक उसी तरह भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता, चाय बेचकर अपना जीविकोपार्जन करने वालेए महापौर प्रत्याशी जीवर्धन भाई भी जनता के आशीर्वाद से रायगढ़ के महापौर बनेंगे, यहाँ का सर्वांगीण विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें चार बार सांसद के रूप में चुना और इस दौरान वे जीवर्धन चौहान के संपर्क में आए। बीस वर्ष में मैंने जीवर्धन चौहान को ईमानदारी से अपने क्षेत्र की जनता की सेवा करते देखा हैए उनके साथ युवाओं की एक बड़ी टीम है। वे भाजपा के एक समर्पित कार्यकर्ता हैं।

# भीमराव अंबेडकर विद्यालय में वार्षिक उत्सव की धूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 6 फरवरी।** ग्राम सँजारी नवागाँव विकास खण्ड सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में तीन फ़रवरी सोमवार को डॉ भीम राव अँबेडकर विद्यालय परिसर में शाला परिवार द्वारा वार्षिक उत्षव कार्यक्रम आयोजित किया गया था,

जिसमें मुख्य अतिथि बेमेतरा जिले के सेवा निवृत्त व्याख्याता व उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम ब्रांड एम्बेसडर डॉ गोकुल बँजारे चँदन, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र दिवाकर अध्यक्ष अम्बेडकर शिक्षण संस्थान मुंगेली, टेकराम मिरी प्रधान अध्यापक सँबलपुर, व श्रीमति आशा दिवाकर प्राचार्य डा भीमराव अँबेडकर स्कूल मुँगेली, अध्यक्षता महेश बँजारे व्यवस्थापक प्रबँध समिति माता सावित्री बाई ज्ञान ज्योति जन सेवा समिति) ने की।

सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, साथ ही बाबासाहेब डॉ भीमराव अँबेडकर व माता सावित्री बाई फुले के छायाचित्रों पर पूजा अर्चना पश्चात् साँस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर आरँभ हुआ, विद्यालय में अध्ययनरत नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा साँस्कृतिक कार्यक्रम अँतर्गत पारँपरिक लोकगीत सुवा, करमा, ददरिया, पंथी, जस व देश भक्ति गीतों तथा प्रेरक गीतों की रिकार्डिंग ड्राँस मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई, मुख्य अतिथि गोकुल बँजारे ने अपने उद्बोधन में शाला परिवार को उत्कृष्ट कार्य हेतु बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षण सँस्थानों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षिक, नैतिक, वैयक्तिक व चारित्रिक विकास शिक्षा का समावेश कर शाला के वार्षिक कैलेंडर तैयार कर अध्ययन अध्यापन कार्य कराना चाहिए, उन्होंने यह भी सँदेश दिया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम तहत प्रत्येक गावों के साक्षरता केंद्रों पर नवसाक्षर भाईयों व बहनों को उपस्थित होकर स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से पढ़ना लिखना, जोडना घटाना, सिखना है, और साक्षर बन कर दिखाना है, तभी हमारा देश संपूर्ण साक्षर कहलायेगा, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र दिवाकर मुँगेली ने शुभकामनायें प्रदान करते हुए उक्त संस्थान को मार्गदर्शन किया, तथा पालकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को प्रतिदिन शाला भेजें, व संबंधित शिक्षक शिक्षिका विद्यार्थियों की कापी जाँचता है कि नहीं यह भी निगरानी करें, वहीं टेकराम मिरी ने बच्चों को प्रेरित करते स्वरचित गीत सुनाया, महेश बँजारे ने प्रेरक उद्बोधन प्रदान किया,

समस्त कार्यक्रमों का संचालन अँबेडकर स्कूल सँजारी नवागाँव के उत्कृष्ट प्रधानाध्यापिका श्रीमति खेमलता रात्रे ने की, उक्त सँस्था द्वारा अतिथियों का शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया, अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, इस अवसर पर कमलेश रात्रे प्रबंधन समिति अध्यक्ष, बुधारु लाल बँजारे कोषाध्यक्ष, अशोक खाँडेकर सदस्य, शिक्षिका देवयानी खाँडेकर, प्रीति साहू, बिना यादव, रेणुका भारती, रानी गेंदले, प्रीति घिटोड़े सहित अभिभावक, पालक व दर्शक गण बडी सँख्या में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

# बच्चों एवं महिलाओं की सेहत और उत्थान पर हो पूरा जोर : कलेक्टर

### दो सेक्टर अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी नें बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान पोषण ट्रेकर में कमजोर प्रदर्शन पर बिटकुली एवं संडी के सेक्टर अधिकारी को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीड़ीपीओ, सेक्टर ऑफिसर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता जुड़े थे।

कलेक्टर नें कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग बहुत ही संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य करने वाला विभाग है जिसमें महिलाओं व बच्चों के विकास सबसे प्रमुख है। विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और उनके उत्थान पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर के रूप में संचालित हैं। आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों के साथ कार्यकर्ता व सहायिका अभिभावक की तरह व्यवहार करें। नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता बेहतर हो, साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। कुपोषित बाच्चों को समय पर मापदंड के अनुसार आकलन कर आवश्यकतानुसार उपचार के लिए कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी

सीडीपीओ एवं सेक्टर अधिकारी कार्य का निरंतर कड़ाई के साथ मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर नें बैठक में महतारी वंदन योजना, पोषण ट्रेकर, कुपोषण दर, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, बाल सन्दर्भ योजना, पोषण पुनर्नवास केंद्र, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सक्षम योजना, भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्र आदि पर विस्तृत समीक्षा की।

बताया गया कि जिले में 1587 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है संचालित हैं जिसमें 3 कार्यकर्त्ता एवं 13 सहायिका के पद रिक्त है। मॉनिटरिंग के लिए 7 सीड़ीपीओ एवं 60 सेक्टर अधिकारी हैं। बैठक में एनआईसी कक्ष में जिला कार्यक्रम अधिकारी टी. के. जाटवर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### चाकूबाजों-हिस्ट्रीशीटरों को दी गई समझाइश

**रायपुर, 6 फरवरी।** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, सुरक्षा व शांति व्यवस्था सहित आगामी चुनाव के मद्देनजर पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा आज दिनांक 05.02.25 को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत लगभग 50 चाकूबाजों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच में हाजिर किया गया। चाकूबाजों एवं अपराधिक तत्वों की परेड़ ली जाकर उन्हें कड़ाई से समझाईश दी गई, कि वे किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त ना रहें तथा उनके साथी जो अपराधों में संलिप्त रहते है, उनके संबंध में भी पुलिस को जानकारी देने कहा गया। प्रत्येक सप्ताह अपने संबंधित थानों में जाकर हाजिरी देने व अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करते हुये, पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो तत्काल उपस्थित होने कहा गया। उनके निवास क्षेत्रों के आसपास किसी भी प्रकार की छोटी-बड़ी घटना होने पर सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा आगामी चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने कहा गया।

### नवा रायपुर अटल नगर व रायपुर शहर के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**रायपुर, 6 फरवरी।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर में स्थित समस्त सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं हेतु कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए है। यह तीन स्थानीय अवकाश 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 30 सितंबर को महाअष्टमी एवं 21 अक्टूबर दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के लिए घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### ई-रिक्शा वाले से लूटपाट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 5 फरवरी।** 2 फरवरी को रात्रि करीबन 09.00 प्रार्थी सालिक राम केवर्त पिता भागबली केवर्त उम्र 34 वर्ष निवासी मस्जिद के पास बंजारी नगर रावांभाठा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने ई रिक्शा आटो क्रमांक -0373 को चलाते हुये रेल्वे स्टेशन रायपुर से रावांभाठा अपने घर आ रहा था प्रार्थी जैसे ही छ्रूआफिस के पास पहुंचा था उसी समय तीन अज्ञात लड़के प्रार्थी के आटो को आते देख रोका और प्रार्थी को मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट कर प्रार्थी के ई रिक्शा क्रमांक 0373 चेचिस नंबर 67020 मोटर नंबर 020 कीमती 100000 रूपये को लुट कर ले गये आरोपीगण एक दुसरे का नाम मोंटी, शेखर, हुलेश, कहकर बोल रहे थे कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध कमांक 84/25 धारा 309 (6) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि तीन व्यक्ति शमशान घाट के पास संयासी पारा खमतराई में ई रिक्शा के पार्ट को अलग-अलग कर बेचने के फिराक में है कि मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश देकर तीन व्यक्तियो को पकड़कर नाम पता पूछने पर आदित्य उर्फ मोन्टी सोना, शेखर वर्मा, हुलेश सागर बताये कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना दिनांक 02.02.25 को प्रार्थी सालिक राम केवर्त के साथ मारपीट कर इनके ई रिक्शा क्रमांक 0373 को एक विधि के साथ संघर्षरत् बालक के साथ लूट करना बताये।

## बर्ड फ्लू को रोकने संबंधी तैयारी व सतर्कता के लिए रेपिड रिस्पांस टीम गठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 6 फरवरी।** विगत दिनों शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र जिला-रायगढ़ में बर्ड फ्लू रोग की पुष्टि हुई है। बर्ड फ्लू रोग के जिले में प्रवेश रोकने संबंधी तैयारी एवं सतर्कता संबंधी भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन हेतु जिला स्तर पर कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है।जिले के अधिकारियो द्वारा विभिन्न लेयर एवं ब्रायलर पोल्ट्री फार्म का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। आमजन से अपील किया गया है कि जिले में किसी भी प्रकार के पक्षियों के असामान्य मृत्यु या बीमारी की सूचना प्राप्त होने की स्थिति में बर्ड फ्लू रोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल निकटतम पशु चिकित्सा संस्थान में जानकारी दें।

रैपिड रिस्पांस टीम में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. रूपेश बघेल, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, राजेश वर्मा, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी जिला स्तरीय सहायक नोडल एवं विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. एस.एन. अग्रवाल, अतिरिक्त उपसंचालक विकासखंड-भाटापारा, डॉ. एल.एन. जायसवाल, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी विकासखंड-बलौदाबाजार, डॉ. लोकेश वर्मा वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी विकासखंड-कसडोल, डॉ. पवन कुर्रे, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, विकासखंड-सिमगा, डॉ. निर्मल चेलक पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ विकासखंड-पलारी नियुक्त किये गये है। जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा में 01 लेयर फार्म लगभग 425000 पक्षी एवं 94 ब्रायलर फार्म में लगभग 335850 पक्षी है।

बताया गया कि बर्ड फ्लू, इंन्फ्लूएंजा वायरस से होने वाला संक्रमण है, इसे एवियन फ्लू भी कहते है। इससे सिर्फपक्षी ही नहीं बल्कि मनुष्य एवं अन्य जानवर भी संक्रमित हो जाते है। एवियन फ़्लू को पक्षियों के लिए एक घातक वायरस कहा जाता है और यह आसानी से मनुष्यों और जानवरों को प्रभावित कर सकता है। बर्ड फ्लू के लक्षण अचानक दिख सकते है और तेजी से फैलते है। बर्ड फ्लू के प्रमुख लक्षणः- मुर्गियों को सास लेने में दिक्कत, मुर्गियों को अत्यधिक दस्त, मुर्गियों के सिर, गर्दन और आंखों के आसपास सूजन आ जाना, मुर्गियों के सिर और पैर का रंग बैगनी होना, अंडे का उत्पादन कम होना, सुस्ती आना और मुर्गियों में तेजी से मृत्यु होना।

## बच्चों में यातायात जागरूकता के लिए स्कूलों में हुई निबंध, स्लोगन, पेंटिंग स्पर्धा

- यातायात नियमों का पालन करने वाले एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत
- बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस के 35वां राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 फरवरी।** 5 फरवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में जिले में आयोजित 35वां राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा जिले में 4 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात सिमगा, निरीक्षक हेमंत पटेल प्रभारी यातायात भाटापारा, निरीक्षक गोपाल ध्रुवे प्रभारी यातायात बलौदाबाजार, निरीक्षक नकुल ठाकुर प्रभारी यातायात कसडोल के नेतृत्व में प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्थानों में पाम्प्लेट, लाउडस्पीकर एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में समझाईश दिया गया।

साथ ही स्कूलों में स्लोगन, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों एवं सजगता आदि की जानकारी प्रदान की गई। इस संपूर्ण अभियान में पूरे माह थाना पलारी, कसडोल, चौकी करहीबाजार, भाटापारा शहर आदि स्थानों में आमजनों को सुविधा प्रदान करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविरों में लगभग 8000 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से लगभग 3000 आवेदन में लर्निंग लाइसेंस जारी भी कर दिया गया है तथा बाकी बचे अन्य आवेदनों में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने करने की प्रक्रिया जारी है। समापन कार्यक्रम के अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा कहा गया कि यातायात जागरूकता एवं सुरक्षा के लिए आप सबकी सहभागिता भी आवश्यक है। आप सभी के प्रयास से और अधिक सफलता मिलेगी, यातायात नियमों का पालन करें, जोखिम बिल्कुल ना लें एवं सुरक्षा नियमों के समस्त मापदंडों का पालन करें। यदि हम नियमों का पालन करेंगे तो अपने साथ-सांथ सड़क मार्ग में चलने वाले अन्य लोगों की भी सुरक्षा कर पाएंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन को अत्यंत आवश्यक बताया, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिससे निश्चय ही यातायात दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## पीएससी प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को, जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में तीन हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

# ऑब्जर्वर व केंद्राध्यक्ष की बैठक लेकर कलेक्टर ने दिये जरूरी निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 9 फ़रवरी 2025 को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन किया जा रहा हैं। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 12 केंद्र बनाए गये हैं जिसमें 3595 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वरों की बैठक लेकर परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करें कोई लापरवही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि आयोग के द्वारा परीक्षा ड्यूटी के लिए सम्बंधित अधिकरियो के लिए कार्य व जिम्मेदारी तय की गई है, उसका सभी पालन करें। किसी प्रकार की समस्या आने पर परीक्षा के नोडल अधिकारी या समन्वयक को सूचित करें। परीक्षा निर्देशिका का विस्तृत अध्ययन कर परीक्षा कार्यक्रम को समझ लें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी बताएं। किसी परीक्षा केंद्र को परीक्षा से सम्बंधित किसी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता होगी तो जिला प्रशासन सहयोग करेगा।

**ये होंगे परीक्षा केंद्र -** पी. एस. सी. सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमे दाऊ कल्याणसिंह शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार, शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार, पण्डित चक्रपाणि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल एमडीव्ही बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुनी,

अम्बुजा विद्यापीठ रवान, गुरुकुल इंग्लिश मीडिम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, आरकेजी हायर सेकेण्डरी स्कूल कोकड़ी, सरस्वती शिशु मंदिर बलौदाबाजार, अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद, सेकरेड हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार एवं शाश्वत हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटागांव शामिल है। 12 केन्द्रों में कुल 3595 परीक्षार्थी शामिल होगे। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर सहायक नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित केंद्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### वनकर्मियों, ग्राम कोटवार व प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के लिए हुआ चुनाव संबंधी एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**बलौदाबाजार, 6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 5 फरवरी को नगर भवन बलौदाबाजार में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा वनकर्मी, ग्राम कोटवार एवं प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु वनकर्मियों, ग्राम कोटवार एवं प्राइवेट सुरक्षा गार्डो को विभिन्न बिन्दुओं में निर्देश प्रदान किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किन-किन बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना है एवं एक विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में किस प्रकार तटस्थ रहकर चुनाव प्रक्रिया संपादित करना है उन बिंदुओं को विशेष रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाया गया। प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव के दौरान आप सभी एक विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे, इसलिए आप सभी पर पंचायत चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक निष्पादन करने हेतु एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आएगी। आप सभी पूर्ण सजगता एवं तत्परता के साथ चुनाव ड्यूटी का संपादन करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 600 की संख्या में वनकर्मी, ग्राम कोटवार एवं प्राइवेट सुरक्षा गार्ड शामिल हुए।

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान मतदान एवं उसके दो दिन पूर्व शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार, 6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दौरान मतदान की तारीख से दो दिन पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा नगरीय निकायों में मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस आशय के परिपत्र जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जारी कर दिया गया है। परिपत्र के अनुसार नगरीय निकायों में मतदान 11 फ़रवरी 2025 को तथा मतगणना 15 फ़रवरी 2025 को होगा।आम निर्वाचन क्षेत्रों में एवं निर्वाचन क्षेत्रों से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान, रेस्टोरेंट, बार, होटल, क्लब आदि को मतदान की तारीख से दो दिन पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना तिथि 15 फ़रवरी 2025 को बंद रखने हेतु छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसीतरह त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत तीनो चरणों के मतदान तिथि 17 फ़रवरी, 20 फ़रवरी एवं 23 फ़रवरी को निर्वाचन क्षेत्रों में एवं निर्वाचन क्षेत्रों से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान, रेस्टोरेंट, बार, होटल, क्लब आदि को मतदान की तारीख से दो दिन पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक बंद रखने हेतु छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुष्क दिवस घोषित किया गया है।




### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेच रहा युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 6 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 04.02.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत भोईपारा स्थित सुलभ के पास दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करते हुये चिन्हांकित किया गया। व्यक्ति से बात करने का प्रयास करने पर वह भागने लगा, जिसे टीम के सदस्यों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शशांक पाण्डेय उर्फ सेम निवासी रायपुरा डी.डी.नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके एक्टिवा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन की डिक्की में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया। शशांक पाण्डेय उर्फ सेम से उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी शशांक पाण्डेय उर्फ सेम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 220 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री रकम 18,000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन क्रमांक सी जी/04/पी बी/4311 जुमला कीमती लगभग 50,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 37/25 धारा 8, 21, 27(क) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 6 फरवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 04.02.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले एवं हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 22 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?6600 समन शुल्क वसूला गया है। नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 18 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?5400 समन शुल्क वसूल एवं हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?8000 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 04.02.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 84 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?27,300 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

**एक नजर**

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से इलाके में हड़कंप



**रायपुर, 6 फरवरी।** राजधानी के डीडी नगर में अप्पू स्वीट्स के पास ट्रांसफार्मर में आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया. इस दौरान धमाका होने लोग डरे-सहमे थे. इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची. समय रहते आग पर काबू पाने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

## अजय सहाय इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी बने

**दुर्ग, 6 फरवरी।** डॉ अजय सहाय इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के मीडिया



प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। यह निर्णय उन्हें दुर्ग में आयोजित आई एम ए की बीसवीं राज्य स्तरीय कॉफ्रेंस के दौरान आयोजित राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। विदित हो कि डॉ सहाय एसोसिएशन के चार बार रायपुर शाखा के अध्यक्ष एवं सन 2016-17 में प्रांताध्यक्ष रह चुके हैं। अतिविशिष्ट गतिविधियों एवं उपलब्धियों के लिए उन्हें देश में चिकित्सकों की इस सबसे बड़ी संस्था द्वारा दो दर्जन से ज्यादा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका हैं।

## 155 फीसदी ज्यादा वाहनों की बिक्री




**रायपुर, 6 फरवरी।** बस दस दिन और रह गए हैं ऑटो एक्सपो में महाबचत का लाभ पाने के, 15 फरवरी आखिरी तारीख हैं। इसलिए एक्सपो में पहुंचने वाले व्हीकल कस्टमर की संख्या में इजाफा हो रहा है वहीं डीलर्स भी और ज्यादा मुस्तैद हो गए हैं। बुधवार को काफी अच्छी संख्या में ऑटो एक्सपो में पहुंचे लोगों ने अपनी वाहनों की बुकिंग करायी। 15 जनवरी से चार फरवरी तक की स्थिति में 16962 से ज्यादा वाहन बिक चुके हैं। जो कि पिछले एक्सपो की इस अवधि की तुलना में 155.07 फीसदी अधिक हैं इसलिए कि पिछली बार केवल 6650 वाहन बिके थे। वहीं टोटल मोटर व्हीकल्स टैक्स कलेक्शन भी 230.44 फीसदी ग्रोथ के साथ 658584819 रुपए मिले हैं जबकि पिछली बार इसी अवधि में 199305932 रुपए मिले थे। इस लिहाज से देखें तो इस एक्सपो में शानदार रिकार्ड बने हैं।

## जया रेड्डी दादा साहब फाल्के अवार्ड से सम्मानित



**रायपुर, 6 फरवरी।** मुंबई के होटल सहारा स्टार में दादा साहब फाल्के अवार्ड का आयोजन ऑर्गनाइज़र अखिलेश शर्मा और अनुज ने किया। भिलाई की जया रेड्डी को बेस्ट फैशन ऑर्गनाइज़र और सोसाइल वर्कर मे दादा साहब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया गया इस अवार्ड मे बहुत सारे टीवी स्टार को भी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# राज्य के नए बजट में अधोसंरचना शिक्षा, स्वास्थ्य पर होगा फोकस

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 6 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के विकास एवं निर्माण कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 2025-26 का बजट बनकर तैयार हो गया है। यह बजट डेढ़ लाख करोड़ का अनुमानित है। बजट में अधोसंरचना, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास को गति देने का प्रयास किया गया है। यह बजट वित्त मंत्री द्वारा दो मार्च को पेश किए जाने की संभावना है।

देश में जीएसटी लागू होने के बाद राज्य सरकारों को नया कर लगाने का प्रावधान नहीं रह गया है। केंद्र सरकार ने एफआरबीएम पॉलिसी लागू कर दी है जिसके तहत कुल आय पर राज्य सरकार दो से तीन प्रतिशत लोन ले सकती है। इसी आधार पर राज्य सरकार द्वारा एक हजार करोड़ से लेकर आगे तक का लोन लिया जा सकता है। छत्तीसगढ़ शासन का वित्त विभाग रिजर्व बैंक से महिलाओं को सम्मान निधि राशि देने, धान खरीदी एवं बोनस की राशि देने के लिए रिजर्व बैंक से अतिरिक्त लोन ले रहा है। बजट का आधे से ज्यादा हिस्सा धान खरीदी में ही खर्च हो जाता है।

राज्य शासन द्वारा अनेक योजनाएं केंद्र के माध्यम से संचालित की जाती है। पंचायत विभाग में प्रधानमंत्री सड़क योजना, इंदिरा विकास योजना, नवा बिहान, प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं के लिए एक बड़ी राशि दी जाती है। राज्य सरकार को यह राशि तभी दी जाती है जब वह 50 प्रतिशत राशि बतौर अनुदान इसे जमा करे।




■ डेढ़ लाख करोड़ का बजट सदन में पेश करेंगे वित्त मंत्री
■ केंद्र प्रवर्तित योजनाओं से ज्यादा राशि लेने का प्रयास

### नगरीय निकायों के उन्नयन की योजना

राज्य में 14 नगर निगम सहित 180 नगरीय निकाय हैं। इनकी माली हालत काफी गंभीर है जिसके चलते जनता पर बोझ बढ़ा दिया जाता है। पिछले कई वर्षों से 60 प्रतिशत से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ा दिया गया है जिसके कारण आम लोग परेशान हैं। जिनके घरों में होटल, किरायेदार अथवा एटीएम है उन्हें कामर्शियल टैक्स देना पड़ता है। नगर निगमों द्वारा बिजली बिल, पानी बिल नहीं दिया जाता जिसके चलते राज्य शासन ने सभी नगरीय निकायों का अनुदान रोक दिया है। नए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सामने यह सबसे बड़ी समस्या है। 16वें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर एक राशि मिली है जिससे सड़क, नाली एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। राज्य शासन के नगरीय निकाय को केंद्र की ओर से जेएनआयूएम, गरीबी अपशमन योजना के तहत गरीबों के लिए मकान निर्माण, भागीरथी नलजल योजना सहित अन्य कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वहीं राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग का भी संचालन किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी जनप्रतिनिधि निर्वाचित होने के बाद कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं कर पाते हैं। स्मार्ट सिटी लिमिटेड का भी पैसा बंद कर दिया गया है। बजट में नगरीय निकायों के उत्थान के लिए एक बड़ी राशि रखी जाएगी।

### शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए मिली है बड़ी राशि

राज्य में शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को भी एक बड़ी राशि दिए जाने का प्रावधान रखा गया है। शिक्षा विभाग में पीएमश्री योजना, मध्यान्ह भोजन योजना संचालित हो रही है। इसका 50 प्रतिशत राशि केंद्र देता है। राज्य में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए एक बड़ी राशि दी जाएगी। आदिम जाति विभाग के अंतर्गत आदिवासी क्षेत्रों एवं अनुसूचित जाति के क्षेत्रों में विशेष पैकेज दिया जाएगा। नक्सलवाद से निपटने के लिए पुलिस बल को आधुनिक एवं नए शस्त्रों से लैस किए जाने की योजना है। राज्य में नई उद्योग नीति बना दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग में रेडी टू ईट योजना को महिला समूह को दिए जाने की योजना बनाई जा रही है। राज्य में गैर पारंपरिक आय के तहत खनिज और तेंदूपत्ता से मिलने वाली राशि काफी कम हो गया है। तेंदूपत्ता की बिक्री से मात्र 700 करोड़ रुपए मिल रहा है। वहीं आबकारी विभाग के अंतर्गत देशी-विदेशी मदिरा समूह का संचालन सरकार द्वारा किए जाने के कारण आय तो हो रही है लेकिन सेल्स टैक्स के रूप में राशि माफ कर दी जाती है। जीएसटी विभाग को भी आय बढ़ाने के लिए निरंतर दबाव बनाया जा रहा है। पान मसाला, गुटखा, स्टील उद्योग वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## चुनाव चिन्ह मिलने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार अभियान तेज

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 6 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के निर्देशानुसार आज ग्रामीण क्षेत्रों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला जनपद सदस्यों के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया जा रहा है। इसके पश्चात चुनाव प्रचार अभियान तेज हो जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार इस समय शहरी सरकार और ग्रामीण सरकार गठित करने के लिए राज्य में चुनाव अलग-अलग तिथियों में कराए जा रहे हैं। पंचायत चुनाव गैर दलीय आधार पर लड़ा जाता है लेकिन इस वर्ष पहली बार है कि कांग्रेस और भाजपा ने चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को सीधा समर्थन दे दिया है जिसके चलते सभी विधायकों एवं ग्रामीण स्तर के भाजपा पदाधिकारियों को सक्रिय कर दिया गया है। राज्य में आबादी के अनुसार नगरीय निकायों को अलग-अलग दर्जा दिया जाता है। ऐसे ग्राम पंचायत जिनकी आबादी एक लाख से अधिक हो गया है उन्हे नगर पंचायत का दर्जा मिल जाता है। लेकिन वनभूमि प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों के चुनाव पर सभी विधायकों की नजर है। 40 गांव मिलाकर एक जिला जनपद सदस्य चुनाव जाता है। इसलिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो गया है। लॉटरी के पश्चात पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नहीं मिला। जिसके कारण उच्च जातियों के लोग मैदान में आ गए हैं इसलिए यह चुनाव और भी घमासान हो गया है।

## रशियन युवती का राजधानी में देर रात हंगामा

**रायपुर 6 फरवरी।** देर रात राजधानी की सड़कों पर विदेशी युवती ने जमकर हंगामा काटा। दरअसल सड़क हादसे के बाद युवती ने स्थानीय लोगों के साथ जमकर विवाद किया। बाद में किसी तरह से मामला शांत किया गया। घटना राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड की है, जहां आधी रात तेज रफ्तार इंडिगो कार ने एक्टिवा सवार युवकों को टक्कर मार दी। घटना में तीनों युवाओं को हालत गंभीर है। पूछताछ में पता चला है कि युवती रशिया की रहने वाली है। VIP रोड पर आधी रात तेज रफ्तार इंडिगो कार ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। तीनों युवकों को गंभीर हालत में मेकाहारा में भर्ती किया गया है। कार में एक युवक और एक रशियन युवती सवार थे। दावा है कि दोनों नशे में धुत थे। कार सवार युवक पेशे से वकील बताया जा रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय कार चालक की गोद में रशियन युवती बैठी थी। रशियन युवती ने मौके पर जमकर हंगामा कर पुलिसकर्मियों से झुमाझटकी की। हंगामे का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक और रशियन युवती को हिरासत में लिया है।

■ युवती की कार की टक्कर से तीन युवक घायल

# कांग्रेस जो कहती है, करती है : दीप्ति दुबे

**रायपुर, 6 फरवरी।** रायपुर कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे का मैराथन रोड शो चल रहा है एवं नुक्कड़ सभाएं हो रही हैं। दुबे ने नुक्कड़ सभाओं में कहा कि कांग्रेस पार्टी खोखले वादे नहीं करती, जो कहती है उसे करती है। दीप्ति प्रमोद दुबे अपने जनसंपर्क के दौरान नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी कांग्रेस पार्टी का नगर निगम चुनाव के लिए जन घोषणा पत्र जारी हो गया। हमारा वादा है कि नगर निगम में महापौर के रूप में सेवा करने का अवसर मिला तो तालाबों का सौंदर्यकरण करने के साथ उनका संरक्षण करेंगे। घाट और तालाबों में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनवाएंगे। निगमों में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास करेंगे। हमें धुंआधार जनसंपर्क के दौरान शहर की जनता का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।

दीप्ति प्रमोद दुबे ने आगे कहा कि जब



जनसंपर्क पर निकलना हुआ तो नगर निगम के कर्मचारी अपनी मांगों को ले कर विचार साझा कर रहे थे। नगर निगम के अनियमित कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। उनकी मांगों को प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को अवगत कराया गया था। कांग्रेस के घोषणा पत्र में वादा है कि नगर निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

# जनता का मन भाजपा के संग : मीनल

**रायपुर, 6 फरवरी।** भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने कहा है जनता का मन भाजपा के संग है लिहाजा नगर निगम में भाजपा की ही जीत होगी। वे रैली के माध्यम से लगातार सघन जनसंपर्क कर जनता से आशीर्वाद प्राप्त कर रही है भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे की जनसंपर्क रैली के अलावा भी भाजपा के मोर्चो के पदाधिकारी टीम बना कर डोर टू डोर जनसंपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं जिसका जनता द्वारा अच्छा प्रतिसाद भी प्राप्त हो रहा है बुधवार को मीनल चौबे ने अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत अटारी स्थित माता के मंदिर से पूजा अर्चना कर की तपश्चात चौबे और वीर सावरकर वॉर्ड से



भाजपा के युवा पार्षद प्रत्याशी विशाल पाण्डेय के साथ प्रचार रथ में सवार होकर जनसंपर्क रैली के लिए अटारी से होते हुए हीरापुर जरवाए होते हुए पूरे वॉर्ड का भ्रमण कर जनशीर्वाद मांगा इस दौरान उनके साथ स्थानीय जनता, वॉर्ड के गणमान्य नागरिक और भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का बड़ा हुजूम उपस्थित था।

# अवैध शराब बिक्री से त्रस्त ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर, 6 फरवरी।** शासन - प्रशासन से लगातार गुहार लगाने के बाद भी अवैध शराब बिक्री पर लगाम न लगने से त्रस्त व आक्रोशित ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव के दौरान ही इस पर स्थायी रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मंदिर हसौद थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है व इसकी प्रतिलिपि जनप्रतिनिधियों को सौंप जनभावना की सम्मान कराने का आग्रह किया है।

■ स्थायी रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग

पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह, थाना प्रभारी अविनाश सिंह को बीते बुधवार 5 फरवरी को सौंपे गये इस ज्ञापन की प्रति क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह साहेब व शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा को प्रदत्त की गयी है। ज्ञापन में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के गृह ग्राम होने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि लगातार शिकायत व पुलिसिया कार्यवाही के बाद भी इसमें लिप्त तत्व अपने गतिविधियों से बाज नहीं आ रहे हैं जिसके चलते ग्राम में अशांति का वातावरण बना रहता है और कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकता है। ग्राम में जुआ होने की जानकारी देते हुये इनमें लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने व इन असामाजिक गतिविधियों पर स्थायी रोक लगाने कठोर कार्यवाही का आग्रह किया है।

# संघ ने रेलवे वेंडरों को यात्रियों से सद्व्यवहार करने की अपील की

**रायपुर, 6 फरवरी।** रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक रेलवे स्टेशन रायपुर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संस्था के ऋषि उइके ने की। बैठक में प्रमुख रूप आम रेल यात्रियों के हितों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई।

उपस्थित सभी वेंडरों को जो रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्य हैं उन्हें यह बताया गया कि सभी वेंडर रेलवे स्टेशन रायपुर में अपने अपने कार्य स्थल पर आम रेल यात्रियों को गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध करायें साथ ही सभी वेंडर समानों पर अंकित कीमत पर ही सामान विक्रय करें अंकित मूल्य से अधिक पैसा न लेवें। सभी वेंडर किसी भी यात्री के साथ किसी प्रकार से अभद्र



व्यवहार न करें किसी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में स्टेशन पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों सहित रेलवे स्टेशन पर मौजूद रेलवे के अधिकारियों को अवगत कराया।

सभी वेंडर अपने कार्य स्थल पर किसी प्रकार से कोई नशा व धूम्रपान न करें। सभी वेंडर विशेष रूप यह ध्यान की समय समय पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा आम रेल यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जो दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं दिये गये दिशा निर्देशों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करना सुनिश्चित करें। सभी वेंडरों से अनुरोध है कि रेलवे स्टेशन रायपुर में रेलवे की छवि को ध्यान में रखते हुए ऐसा कोई कार्य न करें जिससे रेलवे स्टेशन और रेलवे की छवि खराब होती हों। अंत मे अध्यक्ष के द्वारा आज बैठक में प्रमुख रूप से दिये गये दिशा निर्देशों का पूरी निष्ठा के पालन करने का आग्रह किया गया।

**बाल आश्रम के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर नवीन भवन का लोकार्पण**

# बालकों व वृद्धजनों के लिए बनेगा एक और आश्रय स्थल

**रायपुर, 8 फरवरी।** कचहरी चैक स्थित बाल आश्रम के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन डॉ रमन सिंह थे। इस दौरान कार्यक्रम में सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री एवं विधायक छ.ग. शासन, राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अजय तिवारी, गोकुल दास डागा, देवीचंद श्रीश्रीमाल, डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल, मदन लाल तालेड़ा, रुपचंद श्रीश्रीमाल, नरेशचंद्र गुप्ता, विजय दानी, डॉ. सुरेश शुक्ला, राजकिशोर नत्थानी, गोवर्धनदास डागा, निखिल अम्बिलकर, हरिवल्लभ अग्रवाल आदि उपस्थित थे। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी संघ के मुरली मनोहर खंडेलवाल भी मौजूद रहे। इसके अलावा पी.जी डागा कन्या महाविद्यालय की



प्राचार्या डॉ संगीता घई एवं समस्त स्टाफ राष्ट्रीय विद्यालय के प्राचार्य पी.डी. दीवान एवं समस्त स्टाफ बाल आश्रम के अधीक्षक अनिल चंद्राकर एवं समस्त स्टाफभी उपस्थित थे। वरिष्ठ पत्रकार रवि भोई एवं डॉ किशोर अग्रवाल कार्यक्रम में थे।

सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि यह संस्था निरंतर आगे बढ़ते हुए ऐसे बच्चों का पालन पोषण कर रही है जो माता-पिता विहिन है। राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास अपने उद्बोधन में कहा कि यह संस्था 100 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई थी उस समय एक मजदूर परिवार में माता-पिता की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई थी जिनके बच्चों को आश्रय देने के लिए इस संस्था की स्थापना हुई थी। मुख्य अतिथि रुप में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष छ.ग. शासन डॉ रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी एक - दो संस्था ही हैं जिसने अपनी स्थापना के 100 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए हों। डॉ रमन सिंह को यह जानकारी दी कि निकट भविष्य में बाल आश्रम समिति के द्वारा एक ऐसी संस्था प्रारम्भ करने की योजना है जिसमें बालक एवं वृद्धजनों को संयुक्त रुप से आश्रय एवं संरक्षण प्रदान किया जा सके।

# खोये हुए जबड़ों का इम्प्लांट करने की नई तकनीक

**रायपुर, 6 फरवरी।** डॉ. नीरज कुमार चंद्राकर ने म्यूकोरमाइकोसिस के कारण होने वाले ऑरो-ऑर्बिटल दोष (जबड़े और आंख का खो जाना का सफलतापूर्वक इलाज किया, जो एक बड़ी चिकित्सा सफलता है। दुनिया भर में पहली बार, म्यूकोरमाइकोसिस के कारण ऑरो-ऑर्बिटल दोष से पीड़ित एक मरीज को डेंटल इम्प्लांट का उपयोग करके सफलतापूर्वक पुनर्वासित किया गया है। एक वर्ष से अधिक के फॉलो-अप के साथ, रोगी ने उत्कृष्ट कार्यात्मक और सौंदर्य सुधार का प्रदर्शन किया है, जो इस पद्धति की पूर्वानुमानशीलता और प्रभावशीलता को मजबूत करता है।

यह नया उपचार दुनिया भर में इसी तरह की स्थितियों से जूझ रहे रोगियों के लिए आशा की एक नई किरण प्रदान करता है। डॉ. चंद्राकर ने बताया कि सफल परिणाम प्राप्त करने



के लिए कई प्रक्रियागत चुनौतियों को पार करना पड़ा। उपचा 2022 में शुरू किया गया था और उपचार पूरा होने में एक वर्ष की अवधी इसमें 60 घंटे से अधिक का समय लगा। कैस से संबंधित दोषों के पुनर्निर्माण में दंत प्रत्यारोपण के उपयोग के साथ उनके अनुभव ने चुनौतियों पर काबू पाने में सहायत की है। उपचार के दौरान सॉफ्टवेयर-आधारित सर्जिकल प्लानिंग, उडी प्रिंटिंग, कंप्यूटर-गाइडेड सर्जरी, डिजिटल स्कैनि और डिजिटल प्रोस्थेटिक फैब्रिकेशन जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इन उपचार को अलग करने वाली बात डेंटल इम्प्लांट है, जो ऐसे दोषों के लिए आमतौर पर उपयोग किए जाने वाल कस्टमाइज्ड इम्प्लांट की तुलना में अधिक पूर्वा प्रभावबित हुए हैं। यह दृष्टिकोण न केवल उच्च पूर्वानुमान सुनिश्चि करता है बल्कि कस्टमाइज्ड पेरीओस्टियल इम्प्लांट की तुलना में अधिक किफायती और छोटी सर्जिकल सर्जिकल प्रक्रिया जिससे यह कई रोगियों के लिए एक बेहतर विकल्प बन जाता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26